CONSTITUTION (AMENDMENT) BILL*

*(Amendment of article 19 and substitution of article 326)*

श्री मधु लिमये (मुंगेर) : अध्यक्ष महोदय, भारत के संविधान में आगे संशोधन करने वाले विधेयक को पेश करने की मुझे अनुमति दी जाय।

MR. SPEAKER : The question is :

> "That leave be granted to introduce a Bill further to amend the Constitution of India."

*The motion was adopted.*

श्री मधु लिमये : मैं विधेयक को पेश करता हूं।

---

16.55 hrs.

CENTRAL UNIVERSITIES (STUDENTS' PARTICIPATION) BILL—*Contd.*

MR. SPEAKER : Shri Sheo Narain to continue his speech ; he is not here.

THE MINISTER OF EDUCATION AND YOUTH SERVICES (DR. V.K.R.V. RAO) : I beg to move :

> "That in the motion moved on the 21st March, 1969 by Shri Madhu Limaye, for circulation of the Central Universities (Students' Participation) Bill, 1969 for the purpose of eliciting opinion thereon by the 1st October, 1969.
>
> *for* "1st October, 1969" *substitute* "2nd March, 1970"

MR. SPEAKER : Shri Chintamani Panigrahi.

SHRI S.M. BANERJEE : *rose*—

MR. SPEAKER : Shri Sheo Narain has given place to him. Mr. Banerjee, you will get a chance. Why are you in a hurry ?

SHRI CHINTAMANI PANIGRAHI (Bhubaneswar) : Mr. Speaker, Sir, I am glad that the hon. Minister has come forward with an amendment to the circulation motion and, I hope, this will also be accepted.

This Bill is really most timely. I would just like to bring certain points for the consideration of the hon. Minister because he has expressed his eagerness after he has taken charge of Education and Youth Services to improve the conditions of youth and students in the country. I am really glad for his eagerness and awareness of the problem.

Sir, during the last few years and more so during the last few months in India, we find students unrest in most of the universities and colleges. It has been analysed by Dr. Rao himself many times and also by most of the eminent educationists in this country. The basic fact remains that there is lack of contact between the teachers and the students in almost all the educational institutions and universities today. I can cite one instance that occurred recently in Orissa. There is one high school in a place called Bolgarh. Because there was some misunderstanding between school teachers and the students, the school hostel was burnt. More than 40 to 50 students have been arrested and many of them have been turned out also so that they cannot come over to the school again. If there had been an understanding reached between school teachers and the students, I think, such a situation could not have arisen where the police would go to such an extent as to intern the students. And it is very bad, of course. Therefore, the basic fact to be taken is how to develop contact between teachers and students. After analysing many of the grievances of the students—I was looking through the defferent reports of the universities and even the latest report about the Allahabad University in which an American Professor has made a study of the subject—you will find that many of the grievances of the students are almost genuine and they have not been looked into properly or they are not redressed. Therefore, the first task should be to see that students are associated and they participate in the policy-making bodies of the universities and the institutions and, naturally, that would develop a sense belonging amongst them. I have found that there

*Published in Gazette of India Extraordinary, Part II, section 2, dated 3.4.69,

are even certain demands of the students like that of providing for a letterbox and even there the university authorities or the college authorities would say, "No. This cannot be done". Therefore, the students have to go on strike to get a letter-box. This is how the university authorities or the college authorities add to the students unrest in the country. A sense of understanding, a sense of appreciation of the difficulties of students like a father is most absent in the educational institutions in the country today.

17 hrs.

[SHRI GADILINGANA GOWD *in the Chair*]

If you make an analysis of what the students talk, you will find this. Some studies have been made in American universities and in western countries and also in Britain and Germany, with regard to the causes why therc is frustration among the students today. It has been found that, in a day if the students talk for 100 times, at least for 55 times they talk about sex and love, about 20 to 30 times about unemployment and about 13 to 14 times about cinema stars and others. Therefore, a purpose should be given. Recently I had been to one of the colleges ; it was a women's college. At a particular point of time, at about 5.30 P.M. or so, when the women's college closed, I found a lot of young men standing there outside waiting for hours together to have a look at the girls. I told a young man, 'if you want to see a girl, why don't you go straight and see her and go away ? You have been standing for hours together to see a girl ; why don't you go straight, see her, even speak to her and go away ?'. In universities and in all educational institutions in the country, there is practically no pnrpose today. When I asked many students, 'Why don't you read ?', they said that there was nothing to read. Really if you see the syllabus, if you see the books, there is nothing to read because it is completely different from what is happening in the country, outside the university campus. Therefore, the Education Ministry has a great responsibility. Today the students find that their future is bleak. If you ask any student, during convocation, as to what they demand, they say that they do not want to hear the convocation address or speech and what they want is employment. This is the grievance of the students and youths of this country. The Education Ministry has a great and stupendous task. I know, immediately after he took over charge of the Education Ministry, the hon. Minister has been going round meeting the students ; he has been addressing students' seminars and trying to understand the problems. Even when he was in the Planning Commission, he thought of setting up a commission or a council, a kind of a welfare body—a Central Youth Walfare Body—which can look into the problems of the new generation of our eountry......

MR. CHAIRMAN : The hon. Member may conclude. The time allotted was 1 hour 30 minutes, but we have already taken more than two hours...

SHRI S. M. BANERJEE (Kanpur) : The time should be extended by an hour or so...

MR. CHAIRMAN : The Business Advisory Committee has decided about the time.

श्री मधु लिमये (मुंगेर) : आज एक ही बिल आ सकता है। मुल्ला साहब के बिल को आज बचा लिया जाये। बाकी समय छात्रों के बारे में बहस चले।

MR. CHAIRMAN : The hon. Member may conclude.

SHKI CHINTAMANI PANIGRAHI : I am just concluding.

Therefore, there should be more and more participation of the students in the universities and the policy-making bodies of the educational institutions. The students must have a promise with regard to their employment after they leave colleges and universities. When this demand for participation is manifesting itself at all levels, it is so good that Mr. Limaye has brought forward this motion and it is so kind of the hon. Minister that he has accepted the spirit of the Bill and he has also moved an amendment.

In the developing countries today, youth and national development are connected. We cannot have a national development programme without having a programme for the wlefare of the youth.

[Shri Chintamani Panigrahi]

I, therefore, venture to suggest to the hon. Minister that we should allow participation of the students in the policy making bodies of the educational institutions. We have also to find out some works programme for students any youths. The two months summer vacation will be coming. In other countries you will find hundreds and thousands of students go and participate in constructive programmes so that it provides them an outing. It provides them a channel for channelising their energy in constructive affairs. Therefore, the hon Minister would take into consideration all these things and when he is trying to evole a new policy for this country, I hope some of these measures will be taken into consideration.

SHRI D. N PATODIA (Jalore) : At the outset, I wish to completment Shri Madhu Limaye who has rendered a service by drawing the attention of the House to the larger needs for constructive participation between students and the educational autorities. So far as the spirit of the Bill is concerned, I am in agreement and I hope that by this process some constructive co-ordination will be possible between the students and the educational authorities so that the students can be canalised more towards education, towards constructive approach and not towards various political matters as they are indulging at the moment. While appreciating the spirit, I cannot help saying that in respect of some of the matters, the mover of Bill has gone wrong.

There are certain clauses in the Bill over which I would like to comment briefly. First is clause 3 of the Bill which provides for (1) compulsory formation of students' in each University. (2) It provides for automatic enrolment of every student as a member of the Union unless he notifies to the contrary. Now this provision for statutory formation of a students' union has not met with great success elsewhere. It gives a handle to various political parties to convert these unions into a chess board of politics. Attempt will be made by parties to impose their authority, to grab the power for political purposes. This is a great danger. When Mussolini made the Unions as statutory, it did not ment with success. Therefore, I believe formation of a Students' union should be voluntary and should not be made statutory, If it is made made statutory in my opinion, we will be running the risk of converting it into a political chess-board.

The other clause over which I propose to comment briefly is clause (6). Here a provision has been made that in various courts, academic councils and others bodies of the University the students will have compusory participation. Students will have compusory representation. In effect it will mean that in the matter of selection of curricula, in the matter of selection of syllabus and even in the matter of appointment of teachers. etc., the students will sit along with University authorities and will have their voice. This again is a type of demand over which most of the European countries at the moment are agitated. Even there the public opinion is not clear about it. It is not well-understood as to how far the student who himself has got to be educated and who possibly lacks that amount of maturity which is needed for the selection of teachers or selection of curricula will be proper person to participate. I think this particular clause also needs greater consideration and a little deeper cosideration before it is accepted.

The third clause to which I propose to refer is clause (7). Here by clause (7) subscription payable by the student has been made compulsory to be deducted at the time of payment of tuition fees.

This can be read with Clause 3 which makes it compulsory for every student to become a Member, unless he informs to the contrary. This is an apparatus which will mean that these student organisations will ultimately be controlling huge wealth. Here I would say that simply by virtue of the fact that they would be controlling this wealth, there will be an attempt by certain other individuals and non-educational organisations or political parties to have their control over this organisation. That would be the danger by which the purpose for which we are thinking of seeking the condition of the students will be defeated.

In India there is large and large involvement of students in undesirable polltical activties. I was recently told, in respect of one particular university, one of the candidates spent as much as Rs. 20,000 for an election to the Union.

I was also told that there is a proposal in some of the unions that some of the office bearers should be provided with a permanent conveyance to work for the Union. We have to take care of these things. It is anybody's guess from where these finances are being arranged. But of course, it is quite clear that they are not being arranged by that section which wants to promote education. The spirit of the Bill and the spirit of any such coordination should be to promote the cause of education to bring about better coordination between the students and educational authorities and not to promote the causes of rift or a chessboard of politics.

This Bill is intended for circulation and I feel that by the time public opinion is obtained and this comes back after circulation, there would be so many changes for the better. I am hopeful that the hon'ble Mover himself will further examine it and make necessary changes that may be desirable in the context of the situation.

Therefore, I feel, the idea of sending this Bill for circulation is a good one. I am happy that the amendment by Dr. Rao to extend the period has been accepted by the Mover. I hope, by rhe time it comes back, this will be a Bill in a better form, which will be presented to Parliament, which will serve a good cause. Thank you.

SHRI BEDABRATA BARUA (Kaliabor) : This Bill seeks to embody the provision for compulsory membership of student's union. While I am aware of the dangers to which Shri Patodia referred to that the Union may run amuck and students may do wrong things, at the same time, I may say, democracy itself may be wrongly understood by the students themselves and they may indulge in what is called democratic corruption. With all that I would feel that compulsory membership of the union is by and large a better thing and students do develop some responsibility if they are held under some sort of check. In Assam we have compulsory membership in all college unions. We have this without any serious ill-effects. Whenever they are elected they have to give 'Tea'. They have to get some money somehow. They have to raise the money back by various means. For example they may get commissions and all that on what is being purchased by Union. In that way it has become a nationalised virtue now. I think in that way we have certainly to look into the matter very deeply. But the basic content of this Bill is association of the students in the management of universities and on this I think we should take the risk of associating them in the management of universities, not because students are better managers ; they are possibly not and because of that they may be creating a lot of difficulties even for the management. They will themselves become highly political elements. If we have a good system of education, a responsive system of education which seeks to guide students and instils in them nation-building character, then it is a different matter. But in all these matters, reality is much different from what there is actually or from what we except it to be. When something goes seriously wrong as in our educational control, certainly there should be checks and balances. Here, if we associate students in the management, first of all they will learn certain sense of responsibility because they are placed in responsible positions. They also come to know of the various difficulties of plans, budgets etc. They know how much money they are going to get and therefore they do develop a certain sense of responsibility and a certain awareness of the difficulties that face the Government. In that position most of the students feel compelled to act and tell others : You have to do with a common room, because grants are so much and these are the things to be done. Thus they will learn how to beres ponsible. Let us give them the due. They may possibly be better than others and it may serve as catharsis and remove the great evils of educational system. One of the evils is the seniority complex among some students. This has eaten into the vitals of the educational system, whether it is an academy, institution or a college. The senior people stifle the initiative of others. In other words, the general temperament of Indian society does operate in academic institutions also. What I feel is that the unnecessary control of academic life can be done away with when we put some vital elements in it. Possibly they will not be that respectful. Even than they will certainly say that there are certain urgent matters that have to be dealt with and settled. In this way the

bureaucratic responsibility may be replaced by a sort of better understanding of the problems of students and then they may be able to put out a fire before it starts spreading and becomes a conflagration. In academic institutions that does happen. Sometimes a small incident or a small neglect continued for years and years leads to an outburst at some point of time. It will be much better if this outburst can be prevented and that can be done only if the representative of the students is taken into the management of the institution or the university. He may be abte to point out : There is some problem and it could be dealt with in this manner. That may be of some help to the management. Therefore, I think it is good that the Bill goes to a Select Committee for circulation because the matter needs that greatest national attention. We have certainly not been very successful in solving this problem of students unrest and indiscipline. This is not confined to India only. It has been there in Pakistan. It is a world-wide phenomenon. In Pakistan that reached such a stage where they could have overwhelmed the political system of the the country and many people say that it is good for the country. Whatever it is, it is a question of finding out whether we can try this experiment of associating them in the management. Today there is educational expansion and youngsters belonging to all classes of societies have come today in the national institutions.

Now, unless we come to terms with them, unless we try to understand their demands, we will be overtaken by events. We will be doing things without our knowing it, without this Parliament knowing it, without the heads, the Vice-Chancellors, knowing it. We will be stiflying initiative at every level ; authoritarianism may reign and stagnancy may occur at all levels, and does occur in educational institutions. That may precipitate a situation, an unuecessary unrest, throughout the country that may not be for good of all of us.

So it is necessary that we give the utmost attention to these things and seek some ways by which we can associate our student community in the formataion of policies, have better understanding of their problems and forestall something that other countries have suffered in terms of waste, loss and devastation.

**श्री कंवर लाल गुप्त** (दिल्ली सदर) : सभापति जी, विद्यार्थियों में जो असंतोष और अनुशासनहीनता है, यह समस्या केवल हमारे देश की नहीं, कोई एक शहर की नहीं, कोई एक यूनिवर्सिटी की नहीं, सारे संसार में यह समस्या है। देश के बड़े-बड़े विद्वान भी ऐसा समझते हैं।

सभापतिजी इसके कई कारण हैं। केवल एक कारण यह समझना कि अगर विद्यार्थी और शिक्षक नजदीक आएं तो यह समस्या दूर हो जाएगी, ठीक नहीं है। इसके क्या कारण हैं, यह एक बहुत काम्पलीकेटेड सवाल है। एक सवाल यह भी इसमें हो सकता है कि क्योंकि आज विद्यार्थियों का और शिक्षकों का और यूनिवर्सिटी के प्रबन्धकों का आपस में तालमेल नहीं है, इसलिए भी कई समस्याएं उठती है, यह बात सही है। इसके अलावा भी बहुत सारी समस्याएं है, राजनीतिक समस्याएं है, आर्थिक समस्या के कारण से भी यह असंतोष है। बहुत सारे ऐसे कारण हैं जिन सारों का मिल कर यह परिणाम होता है कि असंतोष और अनुशासनहीनता बढ़ती जाती है।

सभापतिजी, जो विधेयक मेरे मित्र श्री मधु लिमये ने रखा है, इसकी भावनाओं का तो हरेक व्यक्ति समर्थन करेगा। मैं भी इसका समर्थन करना चाहता हूं क्योंकि इसमें यह प्रयत्न किया गया है कि जो असंतोष है, अनुशासनहीनता है, इसको दूर करने का एक रास्ता सुझाया है कि हम बैठें, प्रबंधक बैठें, शिक्षक और विद्यार्थियों के नुमायन्दे बैठें और बैठकर कोई हल निकालें। लेकिन जैसा कि अभी पटोदिया जी ने कहा, विचार बहुत शुद्ध हैं, लेकिन मैं यह जरूर मानता हूं, मुझे इस बात में शुवाह जरूर है कि इससे कुछ काम्पलीकेशन्स भी पैदा हो सकते हैं खास तौर से एक जो कम्प्लशन है हरेक कालेज

में यूनियन बनाने का तो उसके लिए बाई-ला बनाना पड़ेगा। इस तरह से जो विद्यार्थियों के नुमायन्दे हैं वे यूनिवर्सिटी कोर्ट में भी जाएंगें और उसके एडमिनिस्ट्रेशन में उनकी आवाज होगी। यह सब कुछ जो है, आज जिस तरह का हमारे देश का ढांचा है, उस सब में मुझे भी यह लगता है कि इसमें काम्पलीकेशन्स हो सकते हैं और खतरनाक काम्पलीकेन्स भी हो सकते हैं, जो लाभ देने की बजाए नुकसान भी दे सकते हैं।

सभापतिजी, मुझे दिल्ली का अनुभव है। दिल्ली के अन्दर विद्यार्थियों की कई सोसाइटीज हैं, एक्स-स्टूडेन्ट्स यूनियन भी है मैं जानता हूं। मैं बहुत बड़ा एजूकेशनिस्ट बनने का क्लेम नहीं करता, लेकिन दिल्ली यूनिवर्सिटी के विषय में मैं कुछ जानता हूं। यहां पर यूनिवर्सिटी की यूनियन की चैयरमेनशिप और सेक्रेट्रीशिप के लिए एक-एक कैन्डीडेट दस-दस, पन्द्रह-पन्द्रह हजार रुपये खर्च करता है। वहां फिजिकल वायलेन्स होती है। पुलिस उसमें इन्टरफियर करती है। यूनिवर्सिटी यूनियन के दफतर को आग लगा दी जाती है दोनों ग्रुप्स की राइवलरी की वजह से यह हो रहा है और अगर हरेक कालेज में यह हुआ तो जो वातावरण हमारे देश में है, जो पालीटिकल पार्टीज में वातावरण है, जो इस सदन में, एसेम्बली में वातावरण है, आप समझते हैं कि क्या उसका असर उन इलेक्शन्स पर नहीं होगा? जरूर होगा। तो उसे भी हमें सेफगार्ड करना पड़ेगा। भावना अच्छी होने के बाद भी मेरे अपने विचार से कम्पलशन की बजाए एक परिवार की तरह अगर हम बातचीत करें, जैसे एक परिवार में हम बैठें, शिक्षक भी बैठें विद्यार्थी भी बैठें, प्रबन्धक भी बैठें ओर इस तरह से एक कन्वेंशन बनाकर महीने में, 15 दिन में, दो महीने में, एक दूसरे की दिक्कतों को समझें, एक दूसरे की परिस्थिति को समझें, तो मैं समझता हूं कि वह ज्यादा अच्छा होगा, इसकी बजाये कि कम्पलशन हो।

दूसरी चीज, सभापति महोदय, मैं यह कहना चाहता हूं कि आखरी में इसका समाधान केवल यही नहीं हो सकता। इसके रूट काज में हमें जाना पड़ेगा, जड़ में क्या चीज़ है, इसको देखना पड़ेगा। इस सरकार ने हमारे देश में इस सम्बन्ध में, शिक्षा के बारे में, कई कमीशन बैठाए और बड़े-बड़े विद्वानों ने अपनी बहुत शानदार रिर्पोट लिखी हैं। और मुझे दुख है, सभापति जी, वह रिर्पोटे, वह कमीशन की रिपोर्ट लिखी गई और एक कमरे में रख दी गई। उसके बाद उसको सूरज की रोशनी नहीं देखने को मिली।

आज हमारी शिक्षा की पद्धति वही है जिसको अंग्रेज छोड़ गया था। उसी पद्धति को अपना रहे हैं और परिणाम यह हो रहा है कि 20 साल के बाद अगर आप सर्वे कराएं और यूनिवर्सिटी में विद्यार्थियों से पूछिए कि आगे आप क्या बनना चाहते हैं, आपके जीवन का उद्देश्य क्या है, तो मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि 100 में से 90 विद्यार्थी नहीं बता सकेंगे कि उनके जीवन का उद्देश्य क्या है, वे क्या बनना चाहते हैं। एक **एमलेस वान्डस** है, इसके आगे कुछ नहीं। इसी का यह परिणाम है कि असंतोष होता है, अनुशासनहीनता होती है। यह उसी का परिणाम है। हमारा उद्देश्य क्या है, इस शिक्षा से हम क्या निकालना चाहते हैं विद्यार्थियों को क्या बनाना चाहते हैं, जब तक यह देश तय नहीं करेगा और उसको इम्पलीमेंट करने के लिए यूनिवर्सिटी में कार्यवाही नहीं होगी, तब तक यह केवल पत्तों पर पानी देना होगा, जड़ में पानी देना नहीं होगा। उसका सही इलाज नहीं होगा। उसकी मरहम पट्टी हो सकती है लेकिन सही इलाज नहीं हो सकता है।

**श्री रणधीर सिंह** (रोहतक) : इलाज बताइए?

**श्री कंवर लाल गुप्त** : सभापतिजी, मेरी राय यह है कि सरकार अगर इसका कोई पर्मनेन्ट इलाज करना चाहती है तो यह निश्चित होना चाहिए कि हमारा उद्देश्य क्या हो ? वास्तव में यूनिवर्सिटी के बारे में कहा जाता है कि कल का देश क्या बनेगा, यह देखना है तो यूनिवर्सिटी में जाकर देखिये । यूनिवर्सिटी का जो वातावरण होगा वह कल आनेवाले देश का वातावरण होगा । तो कल हम अपने देश को क्या बनाना चाहते हैं मैं चाहूंगा कि इस ओर ध्यान दिया जाए । सौभाग्य की बात है कि हमारे जो शिक्षा मंत्री है उनका शिक्षा से बहुत गहरा सम्बन्ध है । (**समय की घंटी**) । मैं अभी खत्म करता हूं । यह सब एक ड्रास्टिक कदम उठाए वगैर नहीं होगा । मैं उनसे प्रार्थना करूंगा कि वे जबरदस्त कदम उठाएं । वे आजकी शिक्षा को एक मोड़ दें जो 20 साल से अंग्रेजी की पद्धति पर चलती आ रही है, जिससे कि सही माइनों में उनका जो उद्देश्य है, देश को जिस चीज की जरूरत है, उस प्रकार के विद्यार्थी हमें अपनी यूनिवर्सिटी में बना सकें और तभी इसका लाभ होगा जब उसका सही इलाज हो । लेकिन फिर भी सभापतिजी, क्योंकि यह बिल सर्कुलेशन के लिए है और बहुत सारे विद्वानों के पार्टीशिपेसन और एसोसियेसन से काफी लाभ होगा, बहुत बड़ा सेक्सन है, बड़े-बड़े लोग हैं, तो मैं यह चाहता हूं कि इसके बारे में लोगों की राय आए । इसके खिलाफ भी और इसके हक में क्या देश समझता है, इसको जानने का हक होना चाहिए । इसलिए मैं इस विधेयक का समर्थन करता हूँ ।

**श्री ओंकारलाल बोहरा** (चित्तौड़गढ़) : अध्यक्ष महोदय, विषय बड़ा गम्भीर है और भारतवर्ष की पूरी नई पीढ़ी से इसका सम्बन्ध है । प्रायः हम लोग जब देश में असंतोष की चर्चा करते हैं और विद्यार्थियों और छात्रों में जो असंतोष है उसकी चर्चा करते है तो यह भूल जाते है कि विद्यार्थी और छात्र केवल आज छात्र नहीं है, वह एक ऐसी उम्र पर आ जाता है जबकि वह केवल छात्र नहीं रह जाता । वह देश की नई पीढ़ी और युवा पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करता है । मैं माननीय मित्र मधु लिमये के इस प्रस्ताव के बारे में, उनके इस विधेयक के बारे में दो शब्द कहना चाहता हूं ।

अध्यक्ष महोदय, यह सही है कि आज देश की आर्थिक और सामाजिक अवस्था इस तरह से अस्तव्यस्त हो रही है कि लड़के जब विद्यालयों से परीक्षा पास करके निकलते है तो सड़कों पर घूमते है बेकारी का सर्टीफिकेट लेकर । वर्षों तक, महीनों तक उन्हें काम नहीं मिलता है और हमारा सामाजिक ढांचा इस इस प्रकार का बन गया है और ऐसी हमारी आर्थिक अवस्था हो गयी है । बहुत समय बाद वह असंतोष प्रक्रिया के रूप में विश्वविद्यालयों और कालजों में दिखाई पढ़ता है ।

यह भी सही है कि जो ऐल्डरमैन हैं, बड़े बड़े राजनीतिज्ञ हैं उन्होंने इन पिछले 20 सालों में जिस राजनीति का देश में परिचय दिया है उसका रिफ्लैक्शन हमारे विश्वविद्यालयों में पड़ रहा है । जिस प्रकार से हमारे देश में कई प्रकार की पार्टियां चल रही हैं उसी तरीके से विश्वविद्यालयों में भी हो रहा हैं । लेकिन मैं श्री कंवर लाल गुप्त के उस विचार से सहमत नहीं हूं जिसको कि लेकर वह शिकायत कर रहे हैं और जिस बात से उन्हें असन्तोष है । दरअसल असन्तोष का वह सही निदान ढूंढने में अपने आप को असमर्थ पा रहे हैं । आज इस बात की बड़ी जरूरत है कि हम भारत की इस नई और युवा पीढ़ी की अर्थात छात्रों को विश्वास में लें और एक भारत के भविष्य के प्रति आशावादिता और निष्ठा की भावना से प्रेरित हो कर हम उनका आवाहन करें और मुझे विश्वास है कि अगर ऐसा किया गया तो भारत

का भविष्य उज्जवल है और हम उन का सहयोग लेकर एक नये भारत का निर्माण कर सकते हैं ।

मैं सहमत हूं कि जो हमारे विश्वविद्यालयों में नई पीढ़ी आ रही है उसे हम केवल मात्र क्षात्र ही न समझें, वह देश के जिम्मेदार नौजवान हैं जिन्हें कि अगर सही तरीके से सलाह दी जाय तो वह देश के प्रति अपनी जिम्मेदारी पूरी योग्यता के साथ निबाहेंगे । आज हमारे उन छात्रों में असन्तोष है । उसके कई कारण हैं । हमारे विश्वविद्यालयों में जो आजकल हमारे शिक्षक हैं, प्राध्यापक हैं या वाइस चांसलर्स हैं मैं समझता हूं कि उन्हें भी अभी अपनी थिंकिंग को बदलना पड़ेगा । उन्हें अपने सोचने का तरीक़ा बदलना पड़ेगा । आज जो नई समस्याएं, नई आकांक्षाएं हैं उनको ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालयों के अकिारियों को अपने पुराने सोचने के तरीके में तबदीली लानी पड़ेगी । कई वाइस चांसलर्स और पुराने प्राध्यापकों का दृष्टिकोण बहुत उदार नहीं है जैसा कि आज के समय के अनुसार होना चाहिए । वह उदार नहीं बल्कि अनुदार है । मैं दो, तीन विश्वविद्यालयों की समस्याओं से परिचित हूं । हमें इस सम्बन्ध में इस दृष्टि से भी विचार करना कि केवल यह पार्टिसिपेशन का सवाल नहीं है बल्कि पूरे सामाजिक ढांचे में नई पीढ़ी को हम किस तरीक़े से एक ऐसे रास्ते पर ले जायं जिससे वह आगे चल कर देश, समाज और हमारे लिए उपयोगी अंग बन सकें । इस दृष्टि से मैं समझता हूं किह में इस प्रस्ताव का समर्थन करना चाहिए । मुझे इस बात का विश्वास हैं कि इस को लेकर देश में जो चर्चा होगी उसमें शिक्षा शास्त्रियों, अध्यापकों या शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वालों की राय होगी, आपस में इसको लेकर उपयोगी विचारमंथन होगा और एक उपयोगी और स्वस्थ चिंतन सामने आयेगा ।

हमारे माननीय शिक्षा मंत्री स्वयं उपकुलपति रहे हैं और शिक्षा के अन्दर इनकी बड़ी सेवाएं रही हैं । इस दिल्ली विश्वविद्यालय को इन्होंने सम्हाला है । यह ठीक है कि प्रायः सभी विश्वविद्यालयों में छात्र लोग एक राजनीतिज्ञों को सेना सी बनते जा रहे हैं, छात्र लोग राजनीति में बहुत अधिक हिस्सा लेते हैं और यह यूनियंस आदि के बनाने में काफ़ी पैसा खर्च करते हैं । लेकिन हम यह क्यों भूल जाते हैं कि हम लोग जो यहां पार्लियामेंट में बैठ कर जिस तरह से काम करते हैं और जिस तरह का प्रजातंत्र चला रहे हैं उस का सीधा असर हमारे छात्रों पर पड़ रहा है ?

जब राष्ट्रपिता जीवित थे, जब राष्ट्रपिता बापू ने देश का नेतृत्व किया था तो उनके आवाहन पर देश के हर कोने से विद्यार्थियों ने उनके आजादी के आन्दोलन में जबरदस्त भाग लिया था देश के स्वतंत्रता संग्राम में उन्होंने अपना पूरा पार्टिसिपेशन किया था । लेकिन आज के छात्रों को मालूम है कि जब वह सर्टिफिकेट्स लेकर बाहर निकलेंगे तो उन्हें इधर, उधर दौड़ना पड़ेगा । आज हमारे देश में हजारों की तादाद में इंजीनियर्स और स्नातक बेकार हैं और जहां हमें इसकी चिन्ता है वहां उन्हें भी देश के बारे में सोचने का हक है । यह मैं नहीं कहता हूं कि छात्रों का प्राध्यापकों की नियुक्ति में हाथ हो या चांसलर्स की नियुक्ति में उन का कोई हाथ हो लेकिन डे टु डे ऐडमिनिस्ट्रेशन में, दिन प्रतिदिन के ऐडमिनस्ट्रेशन में अनुशासन के सम्बन्ध में और बिश्वविद्यालयों की परिधि में जो छोटी मोटी समस्याएं आती हैं मैं समझता हूं कि अगर उन में हम यूनियन के छात्रों के प्रतिनिधियों का पार्टिसिपेशन करायें, उनको अपने विश्वास में रक्खें तो मेरा पक्का विश्वास है कि विश्वविद्यालयों के अन्दर शान्ति स्थापित हो सकती है और एक अच्छे ढंग से

[श्री ओंकार लाल बोहरा]

काम हो सकता है। विश्वविद्यालय को शिक्षा का जो पवित्र मंदिर होना चाहिए वह इससे सिद्ध हो सकता है। यह दुर्भाग्य का विषय है कि हमारे देश में आज शिक्षित नवयुवकों में एक बेकारी का वातावरण व्याप्त है और छात्रों में एक असन्तोष का भाव हैं। लेकिन इस के लिये हम छात्रों को बारबार कोसें, छात्रों की बारबार निन्दा करें और केवल छात्रों को आज की स्थिती के लिए जिम्मेदार ठहरायें तो यह उचित नहीं होगा। इसके लिए हमारे प्राध्यापक, उपकुलपति और हमारे बड़े नेता भी ज़िम्मेदार हैं। यदि हम इस बात को समझ जायं तो मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहता हूं कि अगर हम लोग जोकि यहां संसद् में बैठ कर प्रजातंत्र चलाते हैं उन के सामने इस बारे में एक आदर्श उपस्थित करें तो वह निश्चित रूप से हम से प्रभावित होंगे और वह अपनी जिम्मेदारी समझ कर अनुशासन का पालन करते हुए देश के लिये उपयोगी नागरिक होने का काम करेंगे। जिस तरह से भारत के स्वातंत्र्य आन्दोलन में हमारे छात्रों ने सक्रिय भाग लिया और एक महत्वपूर्ण रोल अदा किया वैसे ही आज भी वह हमें निराश नहीं करेंगे और वह एक उपयोगी नागरिक बन कर हमें दिखलायेंगे व देश के नवनिर्माण का उत्थान में अपना प्रमुख योगदान देगें। लेकिन जो हमारे पुराने लोग हैं, जो पुराने ढंग के विचारक हैं, जिनकी दृष्टि बहुत प्रगतिशील नहीं है, जो उदार नहीं हैं, वह बार बार उन लोगों के रास्ते में रोड़े अटकाते हैं।

मैं सच कहता हूं कि आज विद्यार्थियों में असन्तोष इस लिये भी है कि आज सिफारिश से विद्यार्थियों को एडमिशन मिल जाता है, विश्वविद्यालयों में भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार चल रहा है। आज जो प्रोफेसर हैं, गुरु हैं, उनमें भी बहुत तरह की कमजोरियां हैं। मैं समझता हूं कि बजाय इसके कि हम छात्रों को कोसें, छात्रों के प्रति हमारा रवैया उदार हो, छात्रों को इस बात का विश्वास हो कि जो काम किया जा रहा है उस में उस को विश्वास में लिया जा रहा है, तो आने वाले भारत में यह विश्वविद्यालय अच्छे ढंग के निर्माता हो सकेंगे।

जैसा मैं ने कहा, मैं विधेयक के उस भाग से सहमत हूं जिस में विद्यार्थियों को दैनिक बातों में विश्वास में लेने की बात कही गई है। मेरा अभिप्राय यह नहीं है कि नियुक्तियों में उनकी राय ली जाये, लेकिन जो छोटी मोटी नियुक्तियां होती हैं, होटल की बात है, अकोमोडेशन की बात है, उन में उन को विश्वास में लिया जाये तो में समझता हूं विद्यार्थी आगे चल कर अच्छे ढंग के नागरिक सिद्ध हो सकते हैं, जैसे कि देश आशा करता है। हम विश्वविद्यालयों को देश के निर्माण में भागीदार बनायेंगे और विद्यार्थियों में भी अनुशासन आयेगा और वह समझेंगे कि हम ने उन को विश्वास में लिया है।

**श्री स० मो० बनर्जी** (कानपुर) : सभापति महोदय, सबसे पहले मैं अपने परम मित्र श्री मधु लिमये को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने ऐसे समय में इस विधेयक को देश के सामने प्रस्तुत किया जब देश के सामने यह सवाल खड़ा हो गया है कि अगर विद्यार्थियों में अनुशासनहीनता आई है तो उसके कारण क्या हैं।

आज हमें खुशी इस बात की है कि हमारे शिक्षा मंत्री डा० राव हैं जिनका परिचय केवल यह नहीं है कि देश के एक मंत्री हैं, बल्कि एक बड़े एकानमिस्ट और बड़े एजुकेशनिस्ट के हिसाब से भी सारा देश उन्हें जानता है। मुझे इस की भी खुशी है कि डा० त्रिगुण सेन यहां मौजूद हैं, जिन्होंने बनारस, हिन्दू यूनिवर्सिटी और दूसरे विश्वविद्यालयों में जाकर

कम से कम यहां पर शांति की स्थापना की। लेकिन हमारा दुर्भाग्य है कि यहां पर शिक्षा मंत्री ज्यादा दिन नहीं रहते हैं। जब श्री चागला शिक्षा मंत्री हुए तब हम को खुशी हुई थी कि वह एक ऐसे व्यक्ति हैं जो शायद शिक्षा के बारे में कुछ सोचेंगे। लेकिन वह हट गये। उनके बाद डा० त्रिगुण सेन आये। तब भी हमारे अन्दर खुशी की लहर दौड़ गई कि कम से कम कोई एजुकेशनिस्ट आये हैं, लेकिन वह भी चले गए। अब डा० राव आये हैं। हमें उनके आने की खुशी हुई, लेकिन मुझे खतरा है कि कहीं हैट ट्रिक न हो जाए और वह भी चले जाएं। इस लिये मैं प्रार्थना करूंगा प्रधान मंत्री से कि कम से कम डा० राव शिक्षा मंत्री बने रहें।

आज जो लेजिस्लेशन सर्कुलेशन के लिए भेजने की बात हो रही है उसके बारे में बोलते हुए मेरे मित्र श्री पाटोदिया ने कहा कि उन्हें खतरा है कि कहीं इसके कारण अनडिज़ायरेवल पालिटिक्स न आ जाये। डिज़ायरेबिलिटी और अनडिज़ायरेबिलिटी यह दोनों रिलेटिव टर्म हैं। मेरे ख्याल में स्वतन्त्र पार्टी अनडिज़ायरेबल है लेकिन हमारे यहां प्रजातन्त्र है और उन को रहने का हक है, हम क्या कर सकते हैं ?

**एक माननीय सदस्य** : सभापति महोदय भी स्वतन्त्र पार्टी के हैं।

**श्री स०मो० बनर्जी** : मैं सभापति महोदय के बारे में कुछ नहीं कह रहा हूं। जब वह सभापति के आसन पर रहते हैं तब किसी भी पार्टी से सम्बन्ध नहीं रखते।

**एक माननीय सदस्य** : आप सभापति महोदय पर आरोप लगा रहे हैं।

**श्री स०मो० बनर्जी** : उन्हें मालूम है कि हम उनको कितनी श्रद्धा की नजर से देखते हैं। इस लिए मैं निवेदन करना चाहता हूं कि अभी श्री पाटोदिया ने कहा कि उन को खतरा है कि कहीं विद्यार्थियों में अनडिज़ायरेवल पालिटिक्स न आ जाये। हम देश के बच्चों को राजनीति में नहीं लाना चाहते यह एक नया नारा सारे देश में शुरू हुआ है, जो कि मैं समझता हूं कि एक ज़हरीला नारा है। यह समझ लिया जाये कि हमारे बच्चे जो हैं वह कौन हैं ? क्या वह हमारे देश के भविष्य नहीं हैं क्या उन बच्चों में कोई देश का राष्ट्रपति बनने वाला नहीं है ? देश का प्रधान मंत्री बनने वाला नहीं है ? भगत सिंह और चन्द्र-शेखर आजाद दूसरा लीडर बनने वाला नहीं है? अगर उनमें राजनीनि की भावनायें नहीं होंगी, अगर उनको राजनीति से अलग रक्खा जायेगा, तो मैं समझता हूं कि वह अच्छे शिक्षक हो सकते हैं, अच्छे एकानमिस्ट बन सकते हैं, लेकिन जिस चीज़ की देश को जरूरत है, देश के निर्माण के लिए जिस चीज की जरूरत होगी, यानी यह सोचने की कि देश समाजवाद की ओर जाय या पूंजीवाद की ओर जाये, यह राज-नीतिक भाव उनमें नहीं आयेंगे और मुझ को खतरा है कि यह देश ऐसे लोगों के पास चला जायेगा जिनमें राजनीतिक जागृति नही रहेगी। चीनी आक्रमण जब हुआ तब स्वर्गीय पंडित नेहरू ने आह्वाहन किया था सारे देश की जनता को कि वह आगे आए और दुश्मन का मुकाबला करे। तब क्या छोटे छोटे बच्चों ने कुर्बानी देने का वादा नहीं किया था ? 18-19 साल के नौजवान कालेज छोड़ कर क्या लाल-किले के सामने जा कर भरती होने के लिए तैयार नहीं हो गए थे और क्या अपने प्राण देश की खातिर न्यौछावर करने के लिए तैयार नहीं हो गए थे। अगर हो गए थे तो यह बड़ी गलत बात है कि उनको राजनीति से अलग रखा जाए।

आज अनुशासनहीनता की बात की जाती है। मैं समझता हूँ कि इसका मुख्य कारण यह

[श्री स. मो. बनर्जी]

कि उनका भविष्य अंधकारमय है। रुड़की इंजीनियरिंग कालेज में जो कुछ हुआ वह आप के सामने है, वनारस इंजीनियरिंग कालेज में जो कुछ हुआ वह आपके सामने है। प्रधान मंत्री जी रुड़की विश्वविद्यालय में भाषण देने के लिए गई थीं। तव नौजवानों ने कहा था कि हम उनका भाषण सुनना नहीं चाहते हैं, हमें डिप्लोमा नहीं चाहिए, हमें नौकरी चाहिए। हमारे नौजवान जो बी० ए० पास करके निकलते हैं, एम० ए० पास करके निकलते हैं, एम० एस० सी० पास करके निकलते हैं, इंजीनियर बन कर निकलते हैं उनको नौकरी नहीं मिलती है। अजीब सा तरीका बन गया है। वी० ए० पास करके कोई नौकरी के लिए एम्प्लायमेंट एक्सचेंज के दफ्तर में जाता है तो उसको कहा जाता है कि अगर आप वी एस सी होते तो आपको नौकरी मिल सकती थी। अगर वी० एस० सी० जाता है तो उसको कहा जाता है अगर आप वी० काम० होते तो आपको नौकरी मिल सकती थी। अगर कोई मैकेनिकल या इलैक्ट्रिकल इंजीनियर जाता है तो उसको कहा जाता है कि अगर आपने इलैक्ट्रानिक्स में इंजीनियरिंग की होती आपको नौकरी मिल सकती थी। यह हालत हमारे देश की हो गई है। अगर यही हालत इसी तरह से बनी रही तो यूनिवर्स्टीज में आप किस तरह से अनुशासन कायम रख सकेंगे। जब लड़का देखता है कि बी०ए० और एम० ए० पास करने के बाद भी उसका भविष्य अंधकारमय है तो उसके अन्दर आप अनुशासन की भावना पैदा नहीं कर सकते हैं। जब फेल होने का खतरा उसके सामने होता है और उसको चारों ओर अँधेरा नजर आता है तो वह मास्टर को छुरा दिखाकर भी पास होने की कोशिश करता है। यह गलत बात है, मैं इसको मानता हूँ। लेकिन वह वैसा भी करता है। जब वह अपने घर की गिरती हुई हालत को देखता है, मां की तन्दुरुस्ती को देखता है, पिता की तन्दुरुस्ती को देखता है, अठारह साल की बहन को देखता है जिसके हाथ रुपये न होने की वजह से पीले नहीं हुए हैं, तो उसके दिल पर क्या गुजरती होगी, इसका अनुमान आप लगा सकते हैं। वह यही तब चाहता है कि किसी तरह से मैं काम में लग जाऊँ और किसी की खुशामद करूं।

कम्पीटीशन की भावना इस देश के नवयुवकों में से चली गई है। उनके दिमाग में वह बात नहीं आती है कि मैं फर्स्ट आऊँ या सैकिंड आऊं। वह समझने लग गया है कि अगर मैं फर्स्ट आ भी जाऊंगा तो भी मुझे नौकरी नहीं मिलेगी जब तक मेरा चाचा एम० पी० न० हो यामेरा मामा मिनिस्टर न हो।

**एक माननीय सदस्य** : उसमें आप भी हैं।

**श्री स. मो. बनर्जी** : मेरा एक ही लड़का है। अभी तक तो वह स्कालरशिप होल्डर है। जब नहीं रहेगा तो वह भी आप लोगों की खुशामद कर लेगा। आप इतने चाचा लोग बैठे तो हुए हैं।

अगर उनकी यूनिमंज़ बने, अगर स्टुडेंट्स एसोसिएशन बने तो उनमें अनुशासन की भावना पैदा होगी, अनुशासनहीनता को मिटाने में वे हमारी मदद करेंगी। श्री कंवर लाल गुप्त जी ने कहा है कि इसमें खतरा भी है। खतरा हो सकता है। मैं पूछना चाहता हूँ कि ये यूनियनें क्या विदेशों में नहीं हैं? स्टुडेंट्स यूनियंज या स्टुडेंट्स एसोसिएशंज वहां पर लाजिमी हैं। लैजिस्लेशन आप न लायें लेकिन उसके बगैर भी ये बन सकतीं हैं। विलायत में क्या होता है? वहां पर अगर किसी को नौकरी की जरूरत होती है तो उसको यूनियन के माध्यम से ही नौकरी मिल सकती है। वह जब भेजेगी तब ही उसको नौकरी मिल सकती है। वहां पर क्राफ्ट्स यूनियंज हैं, ट्रेड यूनियंज हैं। उनके माध्यम से ही वहां लोगों की नौकरियां मिल सकती हैं। इस वास्ते मैं चाहता हूं कि लाजिमी

तौर पर उनको यूनियन बनाने का हक दिया जाये ।

मैं एक मिसाल देता हूं । यह कहा जाता है कि चुनाव होंगे तो मार पीट होगी, हजारों रुपया खर्च होगा । अगर ऐसी हालत होगी तो मैं समझता हूं कि उसकी शिक्षा भी तो हम लोगों ने ही दी है । अपनी इस ज़िम्मेदारी से हम किसी भी तरह से हट नहीं सकते हैं । यदि राजनीति से उनको घृणा पैदा होने लग गई है या देश में घृणा फैलाने लग गई है तो उसकी जिम्मेदारी भी हम पर है । एम. पीज़. के बारे में लोग एक कविता करते हैं, जो मैं आपको सुना देना चाहता हूं । वे कहते हैं, पांच सौ रुपया माहवार और 31 रुपये रोज़, हां, ना की नौकरी, राज भवन में भोज, बोलो बच्चो क्या, "संसद सदस्य" । इस तरह की बातें वे हम लोगों को कहते हैं । इस तरह की बातें लोगों के दिमागों में क्यों आती हैं ? हम को आदर्श बनना है । अपने बच्चों के साथ-साथ दूसरे बच्चों को भी हम आदर्श बन कर दिखायें । उसके लिये यूनियन माइन्डेड हों, संगठित हों, संगठित होकर ही कोई संस्था बनाई जा सकती है । इस देश को अगर संगठित करना है, इस में से प्रान्तीयता, साम्प्रदायिकता के झगड़ों को दूर करना है तो यह काम यूनियन से हो सकता है ।

सभापति जी, मैं जब यूनियन का सदस्य नहीं था, यह बात मैं आज से 20–25 साल पहले की कह रहा हूं, तब यह ख्याल आ जाता था कि एक मुसलमान के घड़े से पानी पीऊं या नहीं पीऊं । लेकिन जब से यूनियन के जाल में आया, तब से यह सब चीज़ भूल गया, हिन्दू, मुसलमान, सिख, ईसाई, सब एक साथ बैठकर काम करते हैं, नारे लगाते हैं, बात-चीत करते हैं । उसी तरह से मैं समझता हूं कि विद्यार्थी जीवन में एसोशियेशन के साथ बैठ कर निश्चित ढंग से अपनी यूनियन्ज़ को चलायेंगे, उनके आपस में बैठने से भाईचारा पैदा होगा, मास्टर और विद्यार्थियों में दोस्ती पैदा होगी । डा० राव को मैं जानता हूं, उन के जितने प्रगतिशील ख्यालात हैं, वह ज़रूर कुछ न कुछ उन्नति करेंगे, लेकिन इस सरकार से लोगों को खतरा हो गया है, कहते हैं जो लंका में जाता है, वह रावन का हो जाता है । यह खतरा ज़रूर पैदा हो गया है, लेकिन मैं आशा करता हूं कि वह इस काजल की कोठरी में ज़रूर गये हैं । लेकिन उन पर दाग़ नहीं लगेगा । हम इस मामले में उनका पूरा समर्थन करेंगे, मैं आशा करता हूं कि सर्कलेशन के बाद इस को ज़रूर एडोप्ट करेंगे, इसमें न कांग्रेस पार्टी को कोई खतरा है और न गुप्ता जी की पार्टी को कोई खतरा है, यह खतरा दिल में नहीं आना चाहिये ।

**श्री भोला नाथ मास्टर** (अलवर) : सभापति महोदय, यह बिल जो श्री मधु लिमये की तरफ़ से आया है, वास्तव में ऐसी यूनियन्ज़ सब जगहों पर हैं, उन्होंने इस में केवल विश्वविद्यालय को जोड़ दिया है । मेरे ख्याल से जितने पार्लियामेन्ट के मेम्बर यहां बैठे हैं, उन सब को किसी न किसी यूनियन का उद्घाटन करने का मौका मिला होगा । कौन से ऐसे हाई स्कूल या मिडिल स्कूल हैं, इन्टरमीडियेट कालिज या डिग्री कालिज हैं, जहां यूनियन्ज़ नहीं हैं ?......

**श्री मधु लिमये** : बम्बई विश्वविद्यालय में नहीं हैं ।

**श्री भोला नाथ मास्टर** : वहां पर पार्लियामेन्ट भी है, असेम्बली भी है, लीडर-आफ़-दी-अपोज़ीशन भी हैं, प्राइम मिनिस्टर भी हैं, केबिनेट भी है । हर हाई स्कूल में यूनियन बनी हुई है, यह कोई नई बात नहीं है । विश्वविद्यालयों में इतनी बड़ी यूनिनन्ज़ बन गई हैं कि अभी हाल में कलकत्ता में वाइस-चांस्लर का घेराव हुआ, पिछले साल दिल्ली में घेराव हुआ था । इस लिये इस बात की जरूर आवस्यकता मालूम पड़ती है कि उन

[श्री भोला नाथ मास्टर]

को बाकायदा कानूनी ढंग से बनाया जाय ताकि पार्लियामेन्ट में बैठ कर जिस तरीके से हम लोग मिस बिहेव करते हैं, वह गल्ती वह लोग न करें। यहां पर हम हल्ला मचाते हैं, वे लोग यहां देखने के लिये आते हैं, तो ऊसी तरह से वहां भी हल्ला मचाते हैं।

मुझे किसी ने कहा कि इस में फायदा ज़रूर है, लेकिन जिस तरह से नेपाल में हुआ— वहां यूनियन का चुनाव हुआ, उस में प्रेज़िडेन्ट और प्राइम मिनिस्टर वन गये माओ समर्थक और बाकी की जो कैबिनेट थी, वह हिन्दुस्तान समर्थक थी, इस तरह की स्थिति न पैदा हो। अगर इस तरह की यूनियन्ज़ सही तरीके से ज़िम्मेदारी से काम करें तो वे दुनियां की राजनीति पर और अपने देश की राजनीति पर भी असर डाल सकती हैं—इस बात से इन्कार नहीं किया जा सकता। इस में गो-बैंक होने का प्रश्न नहीं है। हाई-स्कूलों, मिडिल स्कूलों तक यह चीज़ पहुंच गई है, उन की यूनियन्ज़ के चुनाव होते हैं, और कभी-कभी तो सारी सड़कें रंग दी जाती हैं कि फलाने को वोट दो, पूरे कागज़ात के साथ प्रचार होता है, इस लिये उन को ट्रेनिंग खूब मिल रही है और हमारे यहां से जो हल्ला देख कर वह जाते हैं, उस से उन को ज्यादा ट्रेनिंग मिली है, बल्कि एक तरह से मज़ाक भी उड़ाया जाता है। हमारा एक वनस्थली विद्यालय है, वहां पर भी मौक-पार्लियामेन्ट होती है। उस में प्रज़िडेन्ट भी गये हैं, जवाहर लाल जी भी गये हैं, इन्दिरा जी भी गई हैं, उन्होंने देखा है कि वहां पार्लियामेन्ट का कितना मज़ाक रहता है। उसी प्रकार से कट मोशन्ज़ आते हैं, बजट आता है, इस लिए यह कोई नई बात नहीं है। लेकिन बिल के द्वारा आप इस को कानूनी शक्ल देना चाहते हैं, प्रैक्टिस में यह सब चीज़ बराबर चल रही है, लेकिन वे इस को थोड़ा ज़िम्मेदारी से करें, खास तौर से जिन विषयों की वहां पर पढ़ाई होती है या एकाउन्ट रखने के बारे में या लाइब्रेरी की पुस्तकें खरीदने के बारे में, जितने भी ज़िम्मेदारी के काम हैं, उन सब में उन का हिस्सा होना चाहिये। आज समय की भी यही मांग है। इस लिये इस को कानूनी शक्ल दे दी जाय, इस में बुराई की कोई बात नहीं है। इसलिए लिमये जी ने जो कहा है कि इसको प्रचार के लिए भेजा जाये, उसमें कोई बुराई नहीं है। आज इस जमाने में जब कि हम देख रहे हैं, हिन्दुस्तान ही नहीं, पाकिस्तान में भी जो झगड़ा हुआ वह भी स्टूडेन्ट्स ने ही किया था। मिस्र में जो क्रान्ति हुई थी वह भी लड़कों के दंगे के कारण ही हुई थी। हिन्दुस्तान में भी जो आज़ादी आई उसके लिए सन् 42 के क्वीट इंडिया मूवमेन्ट में अगर विद्यार्थियों ने हिस्सा न लिया होता तो शायद आज हम यहां पर बैठे न होते। इसलिए उस पीढ़ी को ज़िम्मेदार नागरिक तो बनाना ही है ताकि हमारे बाद वे इस देश की बागडोर अच्छी तरह से सम्हाल सकें। कुछ दिन पूर्व यहां पर यह प्रस्ताव आया था कि वोटर बनने के लिए अभी तक जो 21 साल की उम्र रखी गई है उसको घटाकर 18 साल कर दिया जाये। अब अगर वोटर्स के लिए 18 साल की उम्र रखनी है तो 18 साल के बच्चे हाई स्कूल में भी होंगे और हायर सैकेन्ड्री स्कूलों में भी होगें। इसलिए वहां भी यूनियन्स की आवश्यकता होगी। ऐसा अमेन्डमेन्ट भी श्री मधु लिमये जी की तरफ से आये कि हाई स्कूल और मिडिल स्कूलों में भी यूनियन्स बनें। जब हम 18 साल में ही राइट आफ वोट देना चाहते हैं तो फिर अच्छा रहेगा कि वहां पर उनकी ट्रेनिंग हो सके। अगर इस प्रकार से यूनियन्स के द्वारा उनकी ट्रेनिंग होने लगे तो फिर वे लेजिस्लेचर्स और पार्लियामेन्ट के मेम्बर्स सही तरीके से बन सकते हैं। जब हमने डिमोक्रेटिक डिसेन्ट्रलाइज़ेशन किया तो नीचे पंचायतें बनीं, उनके प्रधान बने। उन पंचायत समितियों में लड़के भी जाते हैं। गांवों की तरफ से वे जायेगें। उनको तमीज

से बात करना, प्रस्ताव रखना, बजट पास करना, ये सब बातें सीखनी चाहिए। तो मेरा कहना यह है कि इस ढंग का बिल बनायें, जिससे कि छात्र उचित रूप में प्रधान भी बनें, पंचायत समितियों में बैठें, जिला परिषदों में बैठें, असेम्बली में बैठें और पार्लिमेन्ट में भी बैठें—वे एक अच्छे नागरिक बन सकें। वैसे तो हर विद्यालय और स्कूल में इस बात का नकशा दिया है कि गवर्नमेन्ट नीचे से कैसे चलती है—ऊपर प्रेसीडेन्ट है, फिर पार्लियामेन्ट है, उसके नीचे असेम्बली हैं, चीफ मिनिस्टर और राज्यपाल वगैरह बैठे हुए हैं। सामान्य ज्ञान में बच्चों को ये सारी बातें सिखाई जाती हैं। यह कोई छिपी हुई बातें नहीं हैं, हर विद्यार्थी आज इन बातों को जानता है। मैं स्वयं एक टीचर हूं, जागर्फी का इसलिए मैं सब जानता हूं कि ये बातें विद्यार्थियों को पढ़ाई जाती हैं। इसलिए मेरा कहना है कि आप इस प्रकार का इसमें कोई संशोधन लायें जिससे हाई स्कूल की लेविल पर भी सही रूप में यूनियन्स का गठन हो सके तो अच्छा रहेगा। वैसे आपने इस बिल को जो पब्लिक ओपीनियन के लिए भेजने की बात कही है, उसपर कोई एतराज नहीं है। उसके लिए आप इसको भेज दें। इस सिलसिले में मुझे अंग्रेजी की एक पोयम का स्टेंजा याद आ गया है जो कि इस प्रकार से है :

We never may know
What future will do
of the boys that we meet
for many a statesmen in the school
and President play in the street

यह बात सही है कि आज बहुत से स्टेट्समैन हमारे उन स्कूलों में हैं और प्रेसीडेन्ट भी हैं। कौन कब प्रेसीडेन्ट बनने वाला है या कौन डिपलोमेट या स्टेटसमैन बनने वाला है, इसके बारे में किसी को कोई अन्दाजा नहीं रहता। इसलिए यह बीमारी न केवल विश्व-विद्यालयों में है बल्कि स्कूलों में भी है। वहां पर भी हमारा ध्यान जाना जरूरी है। इसलिए मैं चाहूँगा कि आप इस प्रकार का अमेन्डमेन्ट लायें। आप इसको इक ऐक्ट की शक्ल देना चाहते हैं उसमें कोई बुराई नहीं है वैसे तो आज भी एजुकेशन डिपार्टमेन्ट के सर्कुलर्स के द्वारा यह सारा काम होता है और वाइस चांसलर्स के आर्डर्स से भी होता है। ऐक्ट के जरिए भी बात वही होगी। लेकिन स्टेट्समैन बनाना जरूरी है क्योंकि डिमोक्रेसी को चलाना है। पकिस्तान में मार्शल ला की वजह से लड़कों का दंगा बन्द हो गया लेकिन अगर डिमोक्रेसी होगी तो चुनाव होंगे, बच्चों की यूनियन्स बनेंगी और उनके प्रदर्शन भी होंगे। और उन प्रदर्शनों से डरना भी नहीं है। वे प्रदर्शन इस प्रकार के हमें सही तरीके से अपनी राय प्रकट करने की क्षमता हो और सही तरीके से देश के भविष्य के बारे में फ़ैसला लेने की लियाकत बढ़े। ऐसी उनकी ट्रेनिंग हो, आचरण हो तो देश के लिये ही नहीं बल्कि अन्तर्राष्ट्रीय जगत के लिये भी अच्छा होगा। दुनिया की सब से बड़ी डेमोक्रेसी हमारे देश में है, सारा हिन्दुस्तान नीचे से ऊपर तक डेमोक्रेसी से भर गया हैं। पंचायत भी है, तहसील भी बन गयी और राज्य भी बन गया। ऐसी बड़ी डेमोक्रेसी दुनिया में कहीं नहीं है। अब उस के सभी नागरिकों को ट्रेनिंग देनी है तो यह विधेयक जरूर राय जानने के लिये प्रकाशित होना चाहिये।

17.52 hrs.

[MR. DEPUTY-SPEAKER *in the chair*]

MR. DEPUTY-SPEAKER : Now, originally, the time allotted was 1 hour and 30 minutes. On the last occasion, we had actually exhausted 2 hours and 10 minutes. Today, we have already taken more than an hour. We will have to fix some time limit.

SHRI MADHU LIMAYE : One hour more.

[श्री मधु लिमये]

20 मिनट तो मंत्री महोदय लेने वाले हैं। मैं 20 मिनट तक नही बोलूंगा। मैं तो कम ही बोलता हूं।

MR. DEPUTY-SPEAKER: This is for circulation. How much time will you take?

श्री मधु लिमये: आप जानते हैं मैं 10 मिनट में खत्म कर दूंगा।

MR. DEPUTY-SPEAKER: The Minister also will take time. I will allow 5 minutes each. Even then, we will go upto 6-45 P.M. or so. You will have to curtail your time.

श्री मधु लिमये: तो मैंने तो कम कर लिया।

SHRI ERASMO DE SEQUEIRA (Marmagoa): Mr. Deputy-Speaker, Sir, I would like to support the motion which Mr. Madhu Limaye has moved for circulation of the Bill although, quite frankly, I do not support the Bill consisted only of clause 6, perhaps, I would support the Bill also.

The students' cry in this country and elsewhere in the world is a cry for participation, a cry which is not being listened to. I do not support the Bill because, if there is going to be a change, it has to be a voluntary change. It has to come from those who are directly responsible for imparting of education, and not be imposed by legislation. Today, in our country, it is known that there is lack of direction, and also lack of clear objective, in our learning. At the same time, there is a void of communication between teacher and student. This usually intensive Government, has not even tried to find the points of proximity, leave alone trying to bridge them. When Dr. Triguna Sen was appointed the Education Minister, we were hoping that an educationist as Minister would bring to bear more awareness to the problems of education, and more attention to the task of man-making in our educational institutions. After the reshuffle, with Dr. V. K. R. V. Rao as the Minister, we continue to have this hope. But I am afraid our optimism has been shattered in the past, and it will continue to be shattered in the future.

SHRI R. D. BHANDARE (Bombay Central): Don't be pessimistic.

**18 hrs.**

SHRI ERASMO DE SEQUEIRA: There is a reason why I say so. In the politically-supercharged atmosphere in this Council of Ministers, expertise is crushed by political weight, largely unqualified, in many of the areas in which it tries to bring this weight to bear. I think, this is the only China-shop in the world where the china tramples upon the few bulls.

In these circumstances, public pressure alone can generate any change. Thus, although I do not support the statutory determination of the form of students' unions because the cry from the students is for participation, but also, to a large extent, self-determination. I do not support the responsibility for discipline vesting with the Union, I do not support that rules should be made for investment of funds; I think, the students can well look after themselves. Still, I support the motion for circulation of this Bill, that will today cause the debate that we require, and generate the pressure, that again is very much needed today, for those who sit in the chair that impart, learning, to get on with the task of bridge-building between generations and especially between students and teachers.

श्री तुलशीदास जाधव (बारामती): केन्द्रीय विश्वविद्यालय (छात्रों द्वारा भाग लेना) विधेयक को मैं ने पढ़ा है। उस के स्टेटमेंट ऑफ ओब्जेक्ट्स एंड रीजंस जो दिये हैं उनको पढ़ कर ऐसा लगता है कि इस बिल और ऐसे कानून की गरज़ है। इस का कारण यह है कि पहले जब हम छात्र थे और हमारे जो गुरु थे उस वक्त की हालत में और आज की हालत में बहुत

अन्तर हो गया है। हम पढ़ते थे जब बचपन में और वही बालक आज हमारे पढ़ते हैं। मेरा भी ताल्लुक कालिजेज़ के विद्यार्थियों से आता है और उन से जब बात होती है तो पता लगता है कि उन के जो रोज़ाना के ग्रीवियांसेज़ हैं और उनकी जो मांग है उस की तरफ़ कोई देखता नहीं है। घर के मां, बाप के हालात से उन को कोई वक्त नहीं मिलता। इसी तरह से जो टीचर्स हैं उनमें भी पहले के और अब के टीचर्स में बहुत फर्क है। आज के मंहगाई के ज़माने में टीचर्स को जो स्कूल से तनख्वाह मिलती है उस से पूरा नहीं पड़ता है और वह प्राइवेट ट्यूशन करते हैं। यह टीचर्स उन प्राइवेट ट्यूशंस में अपनी काफ़ी शक्ति खर्च कर डालते हैं और स्कूल में आकर उन्हें जो 50-60 विद्यार्थी पढ़ाने होते हैं तो वह ब्लैकबोर्ड पर लिखते जाते हैं पीछे विद्यार्थी क्या करते हैं, समझते हैं या नहीं इस का कुछ पता नहीं चल पाता है। इस के अलावा आप विद्यार्थियों को कुछ कह दें तो वह मानते नहीं हैं यह हालत आजकल बनी हुई है। विश्वविद्यालयों के छात्रों की क्या दिक्कतें हैं उन को जाकर उनके पास बैठ कर सुनें और उन्हें सुलझाने की कोशिश करें। यह भी नहीं होता है। इस के बारे में मैं ने कई प्रोफेसरों और प्रिंसिपलों से बात की। उन का कहना है कि इतना एक्सपैंशन हुआ है एजुकेशन का कहां किस को देखें? विद्यार्थियों की भी दिक्कतें पैदा हुई हैं। पहली बात तो यह है कि पहले जैसी एक दिलचस्पी विद्याध्ययन की ओर छात्रों और शिक्षकों में नहीं रही है। दूसरी बात यह हो गई कि दोनों में दूरी बढ़ रही है परस्पर प्रेम और आदर यह तो रहा नहीं है बैर बढ़ता जा रहा है।

अखबारों में आप ने पढ़ा होगा और सुना होगा कि इम्तिहानों में किस धड़ल्ले से आज विद्यार्थी लोग नक़ल करते हैं? साल भर तो छात्र लोग आम तौर पर स्टडी करते नहीं हैं इम्तिहान में नोट्स पढ़ कर और गैस पेपर्स करके पास होने की कोशिश करते हैं, एग्ज़ामिनेशन हाल में अपने साथ नोट्स की कटिंग्ज ले जाते हैं और नकल करते हैं। अगर कोई इनविजिलेटर आ भी गया तो उस को डरा, धमका कर उसका मुंह बन्द कर देते हैं और इस तरह नकल करके इम्तिहान पास हो जाते हैं। विद्यार्थियों में एक अनुशासनहीनता आ गई है और टीचर्स कुछ तो जैसा मैंने कहा प्राइवेट ट्यूशंस के कारण और कुछ विद्यार्थियों की इस अनुशासनहीनता के कारण वह भी अपने कर्त्तव्य का पालन नहीं कर रहे हैं और विद्यार्थियों और शिक्षकों में जो एक आपस का गहरा सम्बन्ध होना चाहिए एक दूसरे के लिए दिलचस्पी होनी चाहिए वह पैदा नहीं हो रही है बल्कि उन के बीच में एक बैर ही पैदा हो रहा है। ज़रूरत इस बात की है कि उन पर एक जवाबदेही और जिम्मेदारी दी जाय जिसे कि वह बहन करें। हम कहते हैं कि बैकवर्ड ऐरिया में भी कोई सत्ता या धन का केन्द्रीयकरण करना चाहिए। इस देश में 20 साल के बाद हर इंसान के अंदर चाहे वह छोटा हो या बड़ा हो एक अपेक्षा ऐसी आ गयी है जैसे कि कई लोगों के हाथ में सत्ता। चाहे सत्ता के रूप में अथवा पैसे के रूप में रहती है उस में उन्हें हिस्सा मिल जाय। आजकल ऐसी ख्वाहिश पैदा हुई है। यह आजकल ख्वाहिश पैदा हो गई है। ऐसे ही आज विद्यार्थियों में यह ख्वाहिश पैदा हो गई है, और इस अपेक्षा के साथ उस के ऊपर रिस्पांसिबिलिटी देने की आवश्यकता है कि उनकी यूनियन्स बन जायें और वह चुन कर आ जायें तथा रिस्पांसिबिलिटी ले लें। उन के उपर यह जिम्मेदारी दिये बगैर कि उन के जो विचार हैं उन को वह अमल में कैसे लायें, उन को पता नहीं चलेगा कि उनका कहना सही है या गलत। यूनिवर्सिटी चलानी हो या जो कुछ इस बिल में कहा गया है उस के लिये, यूनियन बनाकर उनको दायित्व देने में कोई हर्ज नहीं है। आप इस विधेयक को

[श्री तुलसी दास यादव]

जनता की राय जानने के लिये प्रचारित करने जा रहे हैं, भले ही उस के बाद हो, लेकिन मैं इस मन्त्रालय के जो मन्त्री हैं उन से विनती करूंगा कि वह इस पर ठीक तरह से सोचें और कुछ न कुछ रास्ता निकालें। इसके अलावा और कोई रास्ता नहीं है उन को समझाने और कंट्रोल में रखने का। आज अक्सर देखते हैं कि घेराव होते हैं, पीछे सुना है कि वाइस चैंसेलर्स से मार पीट हुई। आज कल के जमाने में अगर आप उन पर जबर्दस्ती कंट्रोल रखना चाहें तो वह सम्भव नहीं है। पर्सुएशन के साथ समझा बुझा कर उन को कंट्रोल में रखना होगा।

**श्री जार्ज फरनेन्डीज** (बम्बई दक्षिण) : पिछले महीने देश के हाई स्कूलों, कालेजों और यूनिवर्सिटीज़ के इम्तहान हुए। यहां शिक्षा मंत्री बैठे हुए हैं वह बतलायेंगे कि हाई स्कूल के इम्तहान में बीस लाख नौजवान बैठे हैं, और विश्वविद्यालयों और महा विद्यालयों में पांच लाख और/इन पच्चीस लाख नौजवानों का भविष्य जून के महीने में पहले सप्ताह में देश के सामने आयेगा। उन में से काफी लोग पास होंगे और काफी लोग फेल भी होंगे। लेकिन जून के पहले सप्ताह से मैट्रिक से लेकर विश्वविद्यालयों तक में पढ़े लिखे 25-30 लाख नौजवान हिन्दुस्तान की सड़कों पर नौकरियों की खोज में आने वाले हैं। मन्त्री महोदय इस बात से इंकार नहीं कर सकते हैं। यही हालत पिछले साल रही और अगले साल और उस के बाद आने वाले सालों में भी वही हालत रहेगी।

मैं इस विधेयक के समर्थन में बोलते हुए मन्त्री से पूछना चाहता हूं कि क्या सरकार या मन्त्री महोदय खुद इस बहुत बड़ी परेशानी का थोड़ा बहुत अन्दाजा रखते हैं ? इस परेशानी का उन नौजवानों के लिये क्या रास्ता निकलना है क्या उन्होंने इस के बारे में कुछ सोचा है ? है कोई रास्ता या उन्होंने जून महीने में सड़कों पर आने वाले नौजवानों के बारे में कुछ सोचा ही नहीं ? क्या शिक्षा मन्त्री ने सोचा है, सरकार के किसी अन्य मन्त्रालय ने सोचा है ? असल में जो हमारा नियोजन मण्डल है, प्लैनिंग कमीशन, उस के सर्स्पेक्टिव प्लैनिंग डिवीजन ने, जिस से शिक्षा मन्त्री, डा० राव अच्छी तरह वाकिफ़ हैं, कहा है कि जहां इस समय देश में डेढ़ या दो करोड़ बेकार हैं, अगले दस वर्षों में उनकी संख्या बढ़ कर 4 करोड़ तक पहुचने वाली है।

आज स्वतन्त्र पार्टी की ओर से या कांग्रेस पार्टी के कई नेताओं की ओर से कहा जाता है कि विद्यार्थियों को राजनीति से अलग रहना चाहिये, जैसे राजनीति कोई गन्दी चीज है। इस सदन में बैठे हुए 522 लोग राजनीति के कारण ही यहां आये हैं, लेकिन जब कभी यहां राजनीति के बारे में बोला जाता है तब कोई कहता है कि गन्दी चीज है, कोई कहता है नालायक चीज है, कोई कहता है बहुत ही खराब चीज है। तो राजनीति हमारे लिये तो ठीक है और विद्यार्थियों के लिए खराब है। यहां बैठे हुए लोगों के यहां चुन कर आने के लिये राजनीति ठीक है, लेकिन जिन नौजवानों पर देश का भविष्य बनाने का उत्तरदायित्व है यदि वे राजनीति के बारे में सोचें तो उन के लिये वह खराब है। यह बात मेरी समझ में नहीं आती कि जब यहां पर लोग अपने विचारों को व्यक्त करते हैं तो सोचविचार कर व्यक्त करते हैं या नहीं। असल में शायद इस का कारण यह है कि आज उन की राजनीति का मतलब यह होता है कि गद्दी पर कौन बैठे और किस रास्ते को इस्तेमाल कर बैठे। राजनीति यह नहीं है। राजनीति व्यक्ति, समाज और देश का भविष्य तय करने वाला एक पवित्र धर्म है, इस बात को यहां बोलने वाले सभी लोगों को समझना चाहिये।

**एक माननीय सदस्य** : समझते हैं।

**श्री जार्ज फरनेन्डीज** : समझते होते तो विद्यार्थियों की राजनीति के बारे में इतनी गंदी बातें यहां न कही जातीं ।

जब भी हम देखते हैं इस के विरुद्ध आवाज उठाई जाती है । सिर्फ इस सदन में ही नहीं, विश्वविद्यालय के उपकुलपति हैं, जैसे कि हिन्दुस्तान के सर्वोच्च न्यायालय के भूतपूर्व मुख्य न्यायाधीश, श्री पी. वी. गजेन्द्रगडकर या बम्बई विश्वविद्यालय के उपकुलपति, जो पिछले दो तीन सालों से, जब से वह उपकुलपति बने, बम्बई शहर के अन्दर कई किस्म के तमाशे चलाते हैं। वह विद्यार्थियों को जमा कर लेते हैं । विद्यार्थियों का जमाव करना. देश के नेताओं को बुला लेना और उनको विद्यार्थियों को सम्बोधित करने के लिये कहना और उनके सामने इस तरह के भाषण करवाना कि राष्ट्रीयता किस तरह से हिन्दुस्तान में पैदा हो सकती है, उसको बढ़ावा मिल सकता है, अहिंसक रास्ते को किस तरह से निकाला जाए, किस तरह से उस पर चला जाए, राष्ट्र भक्ति को कैसे फैलाया जाए, इस सब का क्या नतीजा निकला है । राष्ट्र के नेताओं की ओर से इस किस्म के उपदेश तो चलते ही रहते हैं । लेकिन बम्बई शहर में पिछले साल या पिछले दो सालों में जो घटनायें घटी हैं वे शायद हिन्दुस्तान के किसी भी दूसरे भाग में नहीं घटी हैं । उन घटनाओं के समय न तो बम्बई विश्वविद्यालय के उपकुलपति और न ही वे जिन को उन्होंने इतने उपदेश दिए कहीं नजर आए । इन उपदेशों पर राष्ट्र का लाखों रुपया खर्च किया गया, लोगों को कस्में खिलाई गईं लेकिन ये लोग कहीं भी हम को देखने को नहीं मिले जब ये घटनायें घटीं । जहां तक राजनीति का सम्बन्ध है उसकी खबर उनको रहनी चाहिये और जहां तक उनका भविष्य तय करने की बात है, वहां तक उनके बीच में राजनीति रहनी चाहिये । विद्यार्थियों के लिए राजनीति आवश्यक है और उनको राजनीति से वंचित करके हम तो कभी भी इन विद्यार्थियों का सहयोग प्राप्त नहीं कर सकते हैं ।

लिमये जी ने जो विधेयक पेश किया है और अगर इस को मान लिया गया तो इसके बारे में देश में बहस होगी और शायद इसके लिए सरकार एक साल का समय मांग रही है इस पर विचार करने के लिये, देश के सामने इसको पेश करने के लिए । मैं कहूंगा कि चाहे जितना समय इसके लिए बांधा जाए लेकिन सरकार का भी कुछ दिमाग इसके बारे में बनना चाहिये । जो मसले विद्यार्थियों के सामने हैं उनके बारे में सरकार भी अपना कुछ दिमाग बनाये । श्री त्रिगुण सेन बैठे हुए हैं । इन विद्यार्थियों के प्रति उनके मन में आत्मियता है, प्रेम है, उनके भविष्य की इनको चिन्ता है, इसको मैं मानता हूं । लेकिन मेरे मन में आज दर्द है । डा० साहब और कामों को छोड़ कर इस समय यहां पर आकर बैठे हैं, इसके लिए मैं उनकी तारीफ करता हूं । लेकिन मैं बतलाना चाहता हूं कि पिछले साल दिल्ली शहर के अन्दर पढ़ लिखे इंजीनियर आए थे, बी. ई. और एल. एम. ई. पदवियां जिन्होंने ले रखी हैं आए थे और उन्होंने सत्याग्रह किया था क्योंकि उनको नौकरियां नहीं मिल रही थी । तब सैकड़ो की तादाद में उनको पकड़ कर जेल भेज दिया गया था और तिहाड़ जेल में उनको रखा गया था । हम लोग डा० त्रिगुण सेन से बात करने गए थे और उन्होंने हमें बताया था कि वह कोई रास्ता निकालेंगे ताकि इंजीनियरों में जो बेकारी व्याप्त है, वह दूर हो । डा० त्रिगुण सेन ने नहीं बल्कि सरकार ने क्या रास्ता निकाला । उसने यह रास्ता निकाला कि इंजीनियरिंग कालेजों में जितनी जगह हैं उनको तीस प्रतिशत कम कर दिया जाए और ऐसा करने से उनमें व्याप्त बेकारी आहिस्ता-आहिस्ता खत्म हो जाएगी ।

यह उदाहरण मैंने इसलिए नहीं दिया कि डा० त्रिगुण सेन परेशानी का अनुभव करें बल्कि

[श्री जार्ज फरनेन्डीज]

इसलिए दिया है कि कैसी नीति हीनता सरकार के अन्दर है युवाजनों की समस्याओं के बारे में नौजवानों की समस्याओं के बारे में। उनके बारे में सोचने में यह कितनी असमर्थ है।

लिमये जी का विधेयक अगर पास हो जाता है और विद्यार्थियों की संस्थायें बन जाती हैं तो मैं चाहूँगा कि ये संस्थायें विद्यार्थियों को किस प्रकार से अपना भविष्य बनाना है इसके बारे में सोचें, इसके बारे में विचार करें, ऐसा करने के लिए इकट्ठी हो जाए। देश के भविष्य के बारे में खुद के भविष्य के बारे में खुद ये फैसले लें और दूसरों का मार्ग दर्शन करने में ये अपनी जिम्मेदारी को समझें और उसको पूरा करें।

यह बहस की जाती है कि अगर यूनियन बनती है तो पता नहीं पैसे के बारे में क्या होगा। हमारे कंवर लाल गुप्त ने कुछ अजीब सा तर्क पेश किया है। उन्होंने कहा है कि चुनाव होते हैं तो मारपीट होती है, दफ्तर जलाये जाते हैं। मैं उन से पूछना चाहता हूँ कि कौन सा चुनाव में ऐसा नहीं होता है? अगर ऐसा होता है तो क्या पूरे हिन्दुस्तान में तमाम चुनावों को बन्द कर दिया जाए? हर एक चुनाव में ऐसा होता है, इसको हम देख रहे हैं। अगर चुनाव के अन्दर ऐसी बातें होती हैं तो क्या मुल्क में से प्रजातन्त्र को खत्म कर दिया जाए, चुनाव की जो पद्धति है उसको समाप्त कर दिया जाए। अगर मारपीट होती है तो क्या समाज को आप बन्द रखकर काम करेंगे। गलत काम अगर कहीं होता है विद्यार्थियों के बीच होता है, उनके मां बाप के बीच होता है, राजनीति में होता है, सामाजिक दूसरे जो काम हैं उनमें होता है, तो उसको आप दुरुस्त करने का काम करो। लेकिन किसी चीज़ का बनाने से जो अच्छी बात सामने आ सकती है, उसको न करना ठीक नहीं है। पुराने दिमाग से सोचने और करने का जो सिलसिला आपने चला रखा हैं, इसको आप बन्द करो।

इन शब्दों के साथ मैं चाहूंगा कि इसको आप सब अपना पूरा समर्थन प्रदान करें और विद्यार्थियों के ऊपर अपना भविष्य तय करने की जिम्मेदारी डालें। इस काम में मैं चाहता हूं कि पूरा सदन सहयोग दे।

MR. DEPUTY-SPEAKER : I will call three more Hon. Members and after that I will call the Minister exactly at 6.30. Shri Madhu Limaye will have to finish within fwo or three minutes.

**श्री मधु लिमये** : यह कैसे हो सकता है। आज 20 मिनट देरी से शुरु हुआ है, इस लिये सवा सात तक तो चलना ही चाहिये।

**श्री शिंकरे** (पंजिम) : उपाध्यक्ष महोदय, इस विधेयक पर बहुत से सदस्य बोले हैं, कई सदस्यों ने इस विधेयक को सपोर्ट किया है और कई सदस्यों ने इसका विरोध किया है मुझे उस समय बहुत आश्चर्य हुआ, जब चन्द सदस्यों ने, जिन्होंने इस को सपोर्ट करना था, लेकिन उन्होंने सपोर्ट न देकर विरोध किया। आप जानते हैं—मेरे गोआ के सदस्य मि० सिक्वेरा जो अभी भी स्टूडेन्ट की वय (एज) में हैं और मैं उस वय में हूँ—जैसे किसी प्राध्यपाक को पेन्शन में जाने का टाइम होता है—मैं उस प्राध्यापक की दृष्टि से हूँ इस विधेयक को सपोर्ट कर रहा हूं मेरे उन सदस्यों ने इस विधेयक में जो सर्कुलेशन की बात है, उस अमेण्डमेंट को सपोर्ट दिया, लेकिन बिल का विरोध किया। लेकिन जब मधु लिमये जी स्वयं चाहते हैं कि सर्कुलेशन के लिये जाय तो अब मैं क्या करूं, वरना मैं तो यह चाहता या कि उनका यह विधेयक जल्द से जल्द पास हो ........

**श्री मधु लिमये** : यह ठीक है, लेकिन वह नहीं मान रहे हैं।

**श्री शिंकरे** : आप जानते हैं, उपाध्यक्ष महोदय, सारे भारत में परिस्थितियां ऐसी

निर्माण हो गई हैं कि विद्यार्थियों की जो समस्याये हैं, उन को जल्द से जल्द सुलझाया जाय। वह टाइम अव चला गया है—जव कहा जाता था—गुरुदेवो भवः, पितृदेवो भवः, मातृदेवो भवः। वह टाइम चला गया जब ऋषि आश्रम में शिष्य रहते थे, उन में प्रेम रहता था। अब वह परिस्थिती आई है जब गुरु-शिष्य में जो सहवास था, वह खत्म हो गया है और अन्तर आ गया है। वह अन्तर कम होने के वजाय धीरे धीरे बढ़ता चला जा रहा है और यह दुराव ज्यादा होना कभी भी अच्छा नहीं है।

इस विधेयक के वहुत से आर्टिक्लज हैं, जिनमें से एक आर्टीकल का हमारे पाटोदिया जी ने विरोध किया है। वह कहते हैं कि इस में कम्पलसरी मेम्वरशिप की जो क्लाज़ है, वह अच्छी नहीं है। मैं उस आर्टिकल के वारे में कहूंगा कि वही एक अच्छा आर्टिकल है। आज यह भाव कि सब जगह हम अलिप्त रहें, यह अलिप्तता का भाव अब नहीं चलेगा। आज जो घटनायें घटी हैं उसका कारण ही यह है कि अलिप्त रहने से डिफिटिस्ट मैन्टेलिटी पैदा होती है। मैं नहीं चाहता कि मैं अलिप्त रहूं। मुझे आशा है कि मधु लिमये जी का विधेयक पब्लिक ओपीनियन के वाद यहां आयेगा और पास होगा क्योंकि मैं ऐसा समझता हूं कि इस प्रकार की यूनियन्ज से स्टूडेन्ट्स को गाइडेन्स मिल सकती है और गाइडेन्स मिलने के वाद वे ज्यादा डिस्प्लिंड हो सकते हैं इस समय जो यूनियन्स या एसोसियेशन्ज हैं, उनका जो करैक्टर है वह आफिशियल करैक्टर नहीं है, उन पर कन्ट्रोल नहीं रहता हैं। इस लिये मैं चाहता हूँ कि मधु लिमये जी का विधेयक पब्लिक औपिनियन के लिये जाय और उस के बाद यहां आये और फिर हमारे शिक्षा मंत्री जी उसको स्वीकृत करायें।

SHRI R.D. BHANDARE (Bombay Central) : I rise to support the principle of the Bill and also the motion for circulation.

Unrest among students is a phenomenon found all over the world. It is not unique to underdeveloped countries. It is true there has been educated unemployment on a vast scale that has brought about restlessness in society in the country; it is also true that as education expands and advances, there is bound to be an accentuation of the problem; it will not possible for Government to make provision for all the educated. Therefore, it is bound to be a difficult problem for the country.

Apart from the question of educated unemployment in under-developed countries, there is also restlessness in affluent societies. What are the reasons for this malady? Students and youngsters all over the world are up against the Establishment. They do not like to hear the advice given by the elders; they are not prepare to be profited by the experience of the elders. Hence this revolt against the Establishment.

There is only one country in the wide world, and that is China, where there is no Establishhment. There Mao is not prepared to have any kind of Establishment. Under the cultural revolution, he would like to see, and sees to it, that there is no Establishment at all. Therefore, in that country, there is no revolt of the youngsters; on the contrary, youngsters are the pioneers. the spearhead, of the cultural revolution. I am not praising it; I am only stating the fact as it is found. I am only trying to picture the malady that is found all over the world. Our country is no exception to this.

What happened in 1930-34? Even though there was a revolt of the youngsters against the elders, yet there was a relationship between parent and child. Today you will be surprised to hear that filial bond is totally broken.

SHRI S. M. BANERJEE : No, no.

SHRI R. D. BHANDARE : Students are not prepared to listen to the experience or even advice of the old persons.

I had gone, while in the States, to Columbia University to speak on the Constitution of India. I found some of the students on the steps of the university shouting slogans against the professors. There was so much restlessness among the students.

SHRI GEORGE FERNANDES : For inviting him ?

SHRI R. D. BHANDARE : The reason is far from that.

What I am saying is that even in affluent societies, revolt of, and restlessness among, students is found.

What is the remedy for the malady ? Let the students develop a sense of participation in every nation-building activity including running universities. Then—I am speaking from experience—I am sure that restlessness among students will be removed to the extent. In that sense and in that spirit, I support the principle and also the motion for circulation to elicit public opinion.

MR. DEPUTY-SPEAKER : Shri O. P. Tyagi.

SHRI S. KUNDU (Balasore) : My party has not got a chance.

MR. DEPUTY-SPEAKER : Some have entered in the last minute. They get a kind of inspiration and want to speak. I must close the debate at 6.30.

SHRI S. KUNDU : Why so unkind to us ?

MR. DEPUTY-SPEAKER : No inspirational speeches now. How can ask a question at the end.

SHRI S. KUNDU : How can you prejudge what type of speech a member is going to make ?

MR. DEPUTY-SPEAKER : Shri Tyagi.

**श्री ओम प्रकाश त्यागी** (मुरादाबाद) : उपाध्यक्ष महोदय, इस विधेयक के पीछे माननीय मधु लिमये की भावना का आदर करता हूं और उसका समर्थन करता हूं। परन्तु इस विधेयक के द्वारा उनके लक्ष्य की पूर्ति हो सकेगी इस में मुझे संदेह लगता है। इन्होंने कहा है कि विद्यार्थियों में जो वेचैनी है वह कैसे दूर हो ? अनुशासनहीनता इस से दूर हो सकेगी इसमें मुझे संदेह है। क्योंकि असली चीज है शिक्षा का लक्ष्य। मेरे विचार से शरीर के भीतर छिपी हुई शक्तियों का विकास करते हुए किसी भी विद्यार्थी की शारीरिक, मानसिक, चारित्रिक और सामाजिक उन्नति करते हुए देश का प्रत्येक दृष्टिकोण से ऐसा स्वस्थ नागरिक बनाया जाय जो वह अपने भविष्य, अपने गृहस्थ का और अपने देश के नेतृत्व के कार्य को कर सके यह शिक्षा का लक्ष्य होता है। इस विधेयक के पीछे जो भावना है युनियन बनाने की मैं इसका आदर करता हूं। लेकिन विद्यार्थियों की वेचैनी का मूल कारण जो है वह शिक्षा की पद्धति का दोषपूर्ण होना है। विद्यार्थियों में वेचैनी इसलिये नहीं है कि उन में यूनियन के अभाव में अपने शिक्षक या प्रिन्सिपल से लड़ने की सामथ्र्य नहीं है। लड़ तो जायेंगे। परन्तु जो शिक्षा पद्धति है जिस में उनकी उन्नति का कोई मार्ग प्रदर्शन नहीं हैं, मैं कहना चाहता हूं कि इस में आमूल चूक परिवर्तन की आवश्यकता है। और वह है कि विद्यार्थी को समस्त दूषित वातावरण से हटाकर, उस की समस्त इन्द्रियों का केन्द्रीयकरण एक लक्ष्य पर जब तक नहीं होगा अर्थात उस की समस्त शक्ति जब तक एक केन्द्र पर कीन्द्रीभूत नहीं होगी तब तक आन्तरिक शक्ति का विकास नहीं होता। इसी कारण से भारतवर्ष की शिक्षा पद्धति गुरुकुल की शिक्षा पद्धति थी जिससे कि देश

के वातावरण से दूर जंगल में ले जा कर उन को वहां पर रखा जाय और गुरु और विद्यार्थी का सम्बन्ध पिता-पुत्र का हो। इस यूनियन के पीछे एक संघर्ष भावना है, जैसे दूसरी जगह यूनियन बनाते हैं अपने अधिकारों की लड़ाई के लिये। अगर विद्यार्थी और गुरू के मध्य में पिता और पुत्र का सम्बन्ध हो जाय तो फिर इस प्रकार के अधिकार के संघर्ष का प्रश्न उपस्थित नहीं होता। परन्तु वर्तमान स्कूल और कालेजों की पद्धति में इस प्रकार के अधिकार का प्रश्न आ कर खड़ा हो जाता है।

अन्त में मैं कहना चाहता हूं कि विद्यार्थी को प्रत्येक प्रकार का ज्ञान होना चाहिये। जैसा माननीय बनर्जी साहब ने चाहा कि राजनीति से क्या उसे वैराग्य ले लेना चाहिये? मैं सहमत हूं अगर वैराग्य ले लिया तो फिर वह देश का नेतृत्व कैसे करेगा। परन्तु अन्तर एक ही है और वह है राजनीति के किस अंग को विद्यार्थी अपनाये और किस को नहीं। राजनीति के मौलिक सिद्धान्तों वह मनन और अध्ययन करे, पूरा पारंगत हो जाय। वह जितने भी विभिन्न प्रकार के राजनीतिक सिद्धान्त हैं उन की कमपैरेटिव स्टडी कर के वह पूर्ण व्यक्ति बन कर खड़ा हो जाय, और राजनीति का जो क्रियात्मक रूप है, प्रेक्टिकल स्वरुप है उससे उसे अलग रहना चाहिये ताकि वह ज्ञान में अधूरा न रह जाय। अगर उसने प्रेक्टिकल राजनीति में भाग लिया तो उसकी साधना में कमी पड़ जायगी और जहां साधना में कमी हुई तो उसका ज्ञान पूर्ण नहीं होगा, अधूरा लीडर होगा। इसलिये उसे यूनियन के द्वारा यह क्षमता प्राप्त करनी चाहिये। यूनियन का अधिकार उसे मिलना चाहिये अपनी आत्म उन्नति के लिये। देश की प्रैक्टिकल पौलिटिक्स में भाग लेने के लिये उसे यूनियन का अधिकार नहीं मिलना चाहिये। इन शब्दों के साथ मैं इस बिल का मूलतः समर्थन करता हूं।

MR. DEPUTY-SPEAKER : The hon. Minister.

SHRI S. M. BANERJEE : After 5 O'clock we can must in your room instead of in this House because there is no attendance.

MR. DEPUTY-SPEAKER : I suppose you are not raising the question of quorum.

SHRI S. M. BANERJEE : No, no.

THE MINISTER OF EDUCATION AND YOUTH SERVICES (DR. V.K.R.V. RAO) : I must begin by congratulating my friend Shri Madhu Limaye for having introduced this Bill in this House and I should also like to express my great sense of appreciation of the enormous interest which this Bill has aroused in this House.

SHRI RABI RAY (Puri) : Country.

DR. V. K. R. V. RAO : I have not yet reached that stage of political leadership which my hon. friend has reached so that I can speak in the name of the country.

**18. 31 hrs.**

[SHRI GADLINGANA GOWD *in the Chair*]

But there is no doubt that this problem of student unrest, student desires, student frustration, the future of the students, is causing everyone of us a great deal of worry. It has nothing to do with political parties; nothing to do with religion or with regions. And all of us are trying to find out in what way we can create a situation which will give us the elders the feeling that we are helping the younger generation to have a better and more hopeful world. It is a very large question, and I do not propose to take the time of the House dilating on the whole subject of student unrest. But there is no doubt,—and I must refer to it before I come to the Bill proper—that the major thing to which almost all speakers have referred in this House is the problem

[Dr. V.K.R.V. Rao]

of unemployment. What do we give employment every year – as my friend Shri George Fernandes pointed out and so many other also did, when so many persons are coming on to the employment market, appart from those students who go to the schools and colleges whose number is substantial, and very often the feeling is that there is no employment available for them. Many of the young people who come out of the schools and colleges feel that they have go and register themselves in the employment exchanges and some of them have a feeling that there is no fairness in the availability of jobs, a feeling that some odd kind of methods is employed in getting jobs, and therefore, this problem of employment, I think, is someting which is very much connected with the furture of the student population in this country.

I do not think it was possible for me as Education Minister to solve this problem of unemployment. Obviously it is not possible to do so. But it is possible for the Education Minister to do someting about it, not solve the problem itself, but to prevent the growth of this problem, and at any rate try to minimise its dimensions after some period of time, provided the Education Minister or the Education Ministry and those who deal with this, get the needed co-operation of all the political parties and all Members of this House,

My friend Shri Madhu Limaye when he made his speech, whieh was a very good speech, pointedly said that there must be no ban on admission and he said everybody who applies for admission must be admitted. Now, the moment the says that, he also assumes the responsibility for seeing that everybody who is admitted and passes also gets a job, I am quite certain—because he is not merely a distinguished member of a political party but from what I have heard during the last two year in this House, he also knows a great deal of economics, about industry and argiculture—and I am pretty certain that if he happens to sit on this side of the House he would not be able to produce a workable scheme by which everybody who comes out of the schools and colleges will be able to get employment.

Therefore; sooner or later, the country has to face this problem. I am not raising it just now because I do not want to start a controversy till I am in a position to do something concrete in the field of education, but sooner or later,—and I appeal to my hon. friends opposite because education is above party politics—this problem as to how we regulate the admissions to the institutions of higher education will have to be faced by the country. And let us not forget that everybody who is admitted to an institution of higher education eosts the State, the public exchequer, something like Rs. 400 or Rs. 500 or Rs. 600 per annum ; it comes from the taxpayer ; it comes from the taxes which are levied not only on the rich people ; it comes from taxes levied on kerosene, on sugar and so on and so forth.

AN HON. MEMBER : Post-cards.

DR. V.K.R.V. RAO : Sooner or later, it has to be faced. I know that the students, young people, seeking admission from a powerful, immediately effective, organizable political force All of us from all sides of the House are concerned with it. As I said, it is public money which comes from the taxpayers which being spent on it. It is not a productive industry and it does not come from profits. The consumers are not prepared to pay the price for education. It is a heavily subsidised industry. Sooner or latter, people from all sides of the House will have to answer the question within themselves whether they are justified in taking up the position, because it has got some political advantages in big cities, that irrespective of quality, availability of facilities like class room accommodation, playgrounds, library and laboratory facilities, teaching staff, etc., everybody who applies for admission must be admitted, when it is going to cost the tax-payer so much money. I do not think we can solve it in a day or two. It requires a great deal of dircussion. It cannot be solved unless all of us get together on a non-political, non-party basis.

SHRI PILOO MODY (Godhra) : May I suggest a via media between what Mr. Limaye suggested and practical difficulties the hon. minister has pointed out ? If it is possible to admit all those who ask for admission at least for one year and then eliminate all those who do not make the

grade, it will have this advantage that it will give everybody an opportunity to prove not only in the high school but at the university level also, whether he is worthy of further education or not.

DR. V.K.R.V. RAO : I am grateful to him for the suggestion. I wish he had regularly participated in the debate for five minutes and put forward his ideas. I am grateful to him for the suggestion. That is one possible way. I am not dogmatic and I know there no cut and dry solutions to this problem. But from the point of view of employment, we have to find some method of achieving the projected demand for people who are, educated, whether they are B.A. B.A.s. B.Scs or B. Coms. and so on. Even in the case of engineers, we know how we have failed in our projection.

SHRI KANWAR LAL GUPTA : It should be uniform in all cases.

DR. V.K.R.V. RAO : I know. I am not talking of the Delhi problem alone. Mr. Madhu Limaye has raised a national problem. This is something which we have to take up sooner or later. I am prepared at any time to have discussions with members. We can even make it a seminar and discuss the pros and cons of the question. This right of unlimited admission for higher education, which costs public execheque a considerable amount of money for every student, irrespective of the effect it has got on the quality of the education being given, is a problem which should not be exploited for any political considerations. It needs to be discussed by all of us.

As I hinted the other day, employment, we must have more investment. The labour force coming into the market every year is about 4 or 5 million. Educated labour force, in terms of matriculates and upwards, runs into hundreds of thousands. Government cannot find employment for all of them If you leave out the increase of employment in agriculture whieh is a nebulous thing and also increase in self-employment which also cannot be verified but only estimated, if you look at the verifiable figures of increase in employment during the last ten years, you will find that Government has been a very big employer, But Government cannot merely be an agency for the purpose of dealing with the problem of unemployment. It can only be solved if we have rapid economic development at more than a rate of 5 to 6 per cent and a rate of saving and investment of more than 8 to 12 per cent. I know a little of developmental economics and I know something about the economic development in communist, socialist and capitalist countries.

We require a much higher rate of investment. We cannot rely upon foreign aid. We cannot go about begging. Even foreign aid has now become rather difficult to get, apart from the fact that we cannot keep on relying on foreign aid for ever. I am not just now raising the question of public sector versus private sector. I am not saying who should do the investment and who should do the employment. I have got my own ideas about it but I do not want to bring them into this picture just now. But the general problem of rate of domestic saving, the rate of investment, the need for austerity in expenditure, the need abolition, prevention and elimination of conspicuoux consumption, the need for saying that all expenditure other than essential should be curtailed and all resources of the country have got to be diverted for the purpose of investment etc., in my opinion, is a question above parties and above politics. If we do not deal with this question......

श्री मधु लिमये : यही तो राजनीति की बुनियाद है। यह अगर नहीं है तो राजनीति क्या चीज है।

DR. V. K. R. V RAO : It is not a question mearly of politics because I can understand advocating different methods of raising recources for mobilisation and so on. But what I cannot understand is individuals or poltical partiees which want to deal with the problem of unemployment, which want to say what we shall do to the employment position in this country, which want a higher rate of economic growth and, at the same time, which are prepared to support measure for increasing resoources mobilisation. I can understand if they say that they do not like a particular measure and they want some other measure. But immediate political advantages should not influence us in dealing with this problem,

[Dr. V.K.R.V. Rao]

If we are really serious I think we are because we talk about *bhavishya*, we talk about the future af the younger generation-then we have to think also in terms of raising the rate of investment in the country and take a serious view of what measures we shall adopt for increasing resources mobilisation.

The third thing is, which comes under the purview of the Education Ministry, that education should not increafe unemployability of those who take education. I think this is an important question which many hon. Members have referred to. They said that after we have taken over the British system we have not done anything much after that. They wanted a reorientation of the whole thing. This is one of the things that I had in mind. The system that we inherited was intended for producing clerks, not intended to promote initiative or enterprise, not intended to increase technical and professional skill. Therefore, we want an educational system that will emphasise much more on the capacity for enterprise, self-employment and technical and professional skill rather then merely to go and get a clerk's job. I completely accept that. We have had a number of committees and commissions. All the principles are know and all the polices are known. But the difficuly is one of implementation.

Let us take the case of Delhi. The heat has already started. Fortunately the the problem is now being handled by the Delhi Administration.

SHRI KANWAR LAL GUPTA : No, no. It is your baby. Do not try to pass on the boby to the Delhi Administration.

DR. V. K. R. V. RAO : If the hon. Member will kindly consult the leader of his own Party he will know that we have been requested, we have been told that education is a transferred subject where the Centre should not interfere. We have also been told for all partical purposes we should deal with the Delhi Metropolitan Council in the same way as we deal with State Governments and we should as far as possible not interfere with them at all. You cannot have it both ways. You cannot say that you must have all autonomy on the earth and then say that you are not responsible. If you are dissatisfied with the working of your own administration the forum is not this, you will have to find out some other forum.

SHRI KANWAR LAL GUPTA : If you do not provide admission to all students in the collges and the university, you will have to face a difficult problem, because it is your baby. If you follow a uniform policy for all the States, we can understand it. Otherwise, you should be prepared to face an agitation.

DR. V. K. R. V. RAO : I would like to assure my hon. friend, Shri Kawar lal Gupta that I am not afriad of his threats. I have been a resident of Delhi for a long time and I am not afraid of threats, there is no point in my sitting in this House. If it comes to that, I would like to know from Shri Kanwar Lal Gupta, if we have to provide education for all, will he be prepared to pay more tax on sugar and kerosene in order to provide third class or even forth class boys of his neighbour some sub-standard education. It is a very big question and I would advise Shri Kawar Lal Gupta not to throw challenges or to indulge in threats. Why does he do so ?

I think I was getting into a digression. Regarding the question of employment I want to say this. We have been told, many committees have said that we must have for the school-leavers some kind of an institution which will give them more employment-oriented education rather than mere literary education. Now we are trying to think, whether it would be possible for us to set up some kind of a pilot project, because we have been talking about it all these years, where we can try, may be a school which will have a special bias for employment—oriented education course ; all these are ideas in gestation. But I do not know whether it will be possible to bring them into bring in two or three months because the time is too short. If I can have an experiment in Delhi by setting up an institution which will, of course, give a degree—otherwise, nobody would go three—but which will give education of a type which will increase employability rather than

diminish it and if that experiment is effective and successful, then it may be repeated in other places. It might, to some extent, help in the problem of what is called educated unemployment.

Finally, in the matter of reducing unemployment, it is very necessary that we should reduce the qualifications for government recruitment. Today we find that even for jobs that any matriculate can perform, or a higher secondary student can perform, students holding BA or even MA degrees are recruited with the result that almost every student thinks that he cannot get a job unless he gets the qualification of either BA or MA. Therefore, the qualification for recruitment should be reduced to the job requirement and not that one should go in for a BA or MA for a post even though such a high qualification is not needed for the kind of job which he is expected to do.

These are the three things which are relevant to the problem of unemployment. I took so much time to talk about them because practically every member has referred to this problem and I am greatful to the members for the interest that they take in students and student unrest.

Coming to the Bill I must say that I am quite pleased with the amount of care that Shri Nadhu Limaye has taken in drafting this Bill. But I am not yet in a position to say that I accept the principle of the Bill because I have to be advised by the University Grants Commission, by the Vice-Chancellors and so and so forth. But if I may put a personal word, excepting for clause (6), where I think a little re-wording would have been desirable, I would have been personally prepared to say that almost everything that is said here is unexceptionable.

Now there has been a lot of talk on students and politics and that this will bring about politicalisation. Quite frankly, I do not understand how we can take politics out of students or the students out of politics. It depends upon the students and the colleges. But I would certainly say that we have got to see that politics does not affect the lives of the students in such a way that it destroys discipline, or prevents the students from studying. Also, they should not be made an instrument for agitational purposes. If there is a revolutionary situation in the country or its safety or security is in danger then this might have to be given the go-by ; but to say, as many people have been saying, we must keep politicians and politics autside universities, honestly, I do not see how we can keep politics out of the students or out of the university.

I do not also see how this Bill encourages them to do so. If there is a students' union, I do not think that means that politics comes into it except in so far as elections are fought on the basis of political parties. My hon. friend, Shri Kanwar Lal Gupta and, I think, Professor Bal Raj Madhok, referred to the danger. The danger is there if the party system on the lines of Jana Sangh, Congress Party, SSP etc. is taken into the universities for the purpose of fighting elections to the students' union. But that has got to be safeguarded and all this will be discussed when the Bill goes before the public for eliciting opinion.

But I was reading clause 5 and if you read clause 5, with almost everything that he has said there I do not see anything really to seriously disagree. But in the case of clause 6 if he had simply said :—

> "Such authorities of a Central University as may be specified by the Court",

instead of specifying one or two bodies universities in the beginning, personally apart from my being a member of Government and so on, I think there was nothing particularly wrong in the Bill.

As to whether such a thing should be done by law or whether it should not be done by the universities, because each university has got its statutes and ordinances, whether Parliament in its wisdom could legislate for one particular aspect of university activity when these universities are all governed by their own statutes and so on—I know, Shri Madhu Limaye has confined himself to the Central universities but the Central universites are not the only universities

[Dr. V.K.R.V. Rao]
in the counrry and there are only four or five Central universities...

SHRI MADHU LIMAYE: There is another Bill pending in the House which deals with state universities !

DR. V. K. R. V. Rao :...and there are 70 universities—the constitutional question will arise about whether we can really go and interfere with these universities or not.

So, so far as I am concerned on the three points which have been raised in Shri Madhu Limaye's Bill—one is compulsory membership of unions to which has also put in a saving clause saying that any body who does not want to be a member of the union can without assigning any reason get out of it ; the other is the powers and duties specified in clause 5 and the third one is representation of students' unions on the Court, the Academic Council and other bodies of the university—I want a public debate. The reason why I suggested and Shri Madhu Limaye agreed that let this Bill bè circulated is because we want the great process of education. I do feel that student participation has to be defined. Today it means all things to all men like socialism or national integration or secularism means all things to all men. So, it is very important to get some precision in the connotation of the words "student participation", as to what exactly it means, how it is going to operate and how the student's unions themselves should function. May be, I do not understand Hindi very well and my hon. friend, Shri George Fernandes insists on speaking in Hindi so that he can force me to understand it, but I do not think he said that if, after all, Rs. 10,000 are spent in students' union elections why it should not be spent. I do not think he said that ; probably I miunderstood it. I do not think we are going to say that we want to encourage expenditure on elections.

SHRI MADHU LIMAYE: No ; he himself is a victim of that.

DR. V. K. R. V. RAO: So, we are anxious to see—this will give me an opportunity—that students' unions are so organised that they are not dominated by the professional students. We can lay down the qualifications, the eligibility of membership, so that nobody can be a student for 30 years—two MAs, four MAs, five diplomas. I think, all that can go.

However, I want this Bill to go round the universities and I suggested March 2, 1970 not because I want to delay it but because the vacation is coming now and this has got to go to the various faculties, academic councils, colleges etc. But I want to assure them that whenever I shall go round the universities and colleges, I shall speak to them. I want a national debate on students' participation. Some of us belong to this party ; some of us belong to the other side and I would appeal to very person......(*Interruption*)

SHRI PILOO MODY ; Some of us belong to each other's side.

DR. V. K. R. V. RAO: Some of us are hoping to belong to this side if a coalition government comes some day. I rather doubt it. I doubt if the kind of coalition that my dear friend, Shri Piloo Mody, is thinking of is going to come.

श्री रवि राय : आपकी तरफ के बहुत से बहुत से लोग इधर चले आयेंगे ।

DR. V. K. R. V. RAO: I do not defect. I do not propose to leave the party which I have deliberately joned. I am an adult and not a child.

श्री रवि राय : मैं आपके बारे में नहीं कह रहा हूं—दूसरे लोग चले आयेंगे ।

DR. V. K. R. V. RAO: Anyway, I want to make an appeal, particularly to friends in the Opposition' let us have a national debate on students' participation and let us also see that we observe the rules of conduct in this debate. Let us not use the students' participation, in any way, as a kind of political or semi-political instrument. Then, you do much more harm than even the harm that is

taking place. The students' participation is not just a negative concept. It is not merely intending to deal with the problems of students unrest. As I understand it, the students' participation, the correct connotation of that, is intended to give the students a sense of belonging, a sense of commitment, and make him feel much more responsible than what he is today. It has got a positive function, not merely a negative function. It will add to the richness of the students' life, it will bring about maturity to the Students community and enable them to play a much more constructive role in the nation's life than they have been doing so far. Therefore, speaking for myself, I welcome his attempt to bring the subject of students' participation before the country in a vast national debate and receive all the opinions. Even in this House, there have been differences of opinion. As you know, some people opposed it outright ; some people had some reservations. But, on the whole, the bulk of the House has supported it. I have, therefore, great pleasure in supporting the motion for circulation moved by my hon. friend, Shri Madhu Limaye, with an amendment that I have moved that the date for eliciting opinion should be by the 2nd March, 1970 instead of the 1st October, 1969.

**श्री मधु लिमये** (मुंगेर) : सभापति महोदय, 20 मिनट हमने प्रारम्भ में दूसरे काम के वास्ते लिये थे। फिर भी मैं ज्यादा समय नही लूंगा, मैं चाहता हूं कि माननीय आनन्द नारायण मुल्ला का बिल पेश होने दिया जाय।

मेरा यह कहना नहीं है कि मेरा जो विधेयक है वह परिपूर्ण है और छात्र समस्या के हर एक पहलू के बारे में बिचार करता है। मैंने सिर्फ एक ही पहलू पर विचार किया है इस विधेयक में। इस विधेयक की बुनियाद है कि हमारे मुल्फ में भी छात्र शक्ति का उदय हुआ है। सवाल सिर्फ यह है कि क्या केवल ध्वंस के काम के लिए इस शक्ति का इस्तेमाल हो, या इस शक्ति का इस्तेमाल ध्वंस और रचना के कार्य के लिए हो। और रचना भी मैं शब्द जोड़ रहा हूं। आजकल के नौजवानों के बारे में बहुत सारी बातें वहां पर कही गयीं, लेकिन मैं विनम्रता पूर्वक एक बात कहना चाहता हूं कि आजकल के जो अच्छे युवक हैं, हमारी पीढ़ी के जो बच्चे औरयुवक थे, उनसे कई गुना ज्यादा होशियार हैं, उनकी अधिक जानकारी है और जिज्ञासा बुद्धि उन लोगों में बहुत बड़ी मात्रा में है। इसलिए मैं नहीं मानता हूँ कि आज के छात्र और युवक एकदम निकम्मे हैं। अभी मंत्री महोदय ने कहा कि केन्द्रीय विश्वविद्यालयों की चर्चा आपने की है, लेकिन मैं ने इस विधेयक विधेयक के साथ साथ दूसरा भी रखा है जो यूनिवर्सिटी ग्रान्ट्स कमीशन के कानून में परिवर्तन लाने वाला विधेयक है। जब आप इस को परिचालित कर रहे हैं जानकारी के लिए तो उस विधेयक को भी आप भेज दीजिए, हालाँकि इस प्रस्ताव में उसका समावेश नहीं है, क्योंकि यूनिवर्सिटी ग्रान्ट्स कमीशन में परिवर्तन करने वाला जो विधेयक सदन के सामने है उसमें राज्यों में जो विश्वविद्यालय हैं उनमें भी इसी तरह का परिवर्तन लाने का सुझाव दिया गया है। और यूनिवर्सिटी ग्रान्ट्स कमीशन को आप जानते हैं कि पूरा अधिकार है कि अपने अनुदानों का इस्तेमाल विश्वविद्यालयों में सुधार लाने के लिए करे। यह कमीशन का अधिकार है। और इसी के तहत मैं ने यह संशोधन दिया है।

**19 hrs**

आज मैंने एक तीसरा विधेयक पेश किया जिसमें वोट के अधिकार को मौलिक अधिकार फडामेंटल राइट बनाने की बात है और 18 साल के जो युवक और युवतियां हैं उनको यह फंडामेंटल राइट देने की बात मैं ने की है। वह सब में क्यों कर रहा हूं ? क्योंकि मैं नहीं मानता हूं कि राज नीति का उद्देश्य बड़ा पवित्र है। शिक्षा का सुधार, बेरोजगारी की समस्या को हल करना तथा आर्थिक प्रगति यह राजनीति की आत्मा है और राजनीति होती ही क्या ? मौजूदा पीढ़ी के और पुरानी पीढ़ी

[श्री मधु लिमये]

के और पुरानी पीढ़ी के लोगों ने राजनीति के जो मुख्य उद्देश्य हैं उन को हासिल करने में असफलता और अयोग्यता दिखाई है। यह बिल्कुल साफ़ बात है कि आज तक जो शासक रहे उन्होंने 4 फ़ीसदी या साढ़े 3 फ़ीसदी राष्ट्रीय आमदनी में इजाफ़ा करने वाली योजना बनाई। आप स्वयं अर्थ शास्त्री हैं आप मानते हैं कि हमारी अयोग्यता का दुष्परिणाम भुगतना पड़ रहा है छात्रों को और युवकों को इसलिए में चाहता हूं कि ऐसे युवक और ऐसे छात्र राजनीति के प्रांगण में आयें और विश्वविद्यालय का जो पूरा ढांचा है उस में सुधार लाने की भी कोशिश करें क्योंकि हमारी अयोग्यता के कारण बेरोज़गारी की समस्या एक राक्षसी समस्या बन गई है। जब हम उस का समाधान निकालने में बिल्कुल निकम्मे साबित हुए हैं तो क्या वजह है कि यह जो बच्चे हैं, यह विद्यार्थी, युवक हैं, जिन पर कि हमारी अयोग्यता का बुरा असर पड़ रहा है, उन को हम मौका नहीं दे रहे हैं इस में सुधार लाने का ?

सभापति महोदय, मैं इस बात पर विशेष जोर देना चाहता हूं। मैंने कहा कि छात्रों के असंतोष को खत्म करने के लिए आज सुझाव दिया जा रहा है कि विश्वविद्यालयों में जो प्रवेश मिलता है उस के ऊपर सीमा लगाई जाय। मैं इस का घोर विरोधी हूं। आज मैडिकल कालिजेज़ में क्या होता है ? मुझे एक कालिज के बारे में जानकारी है कि उस मैडिकल कालिज में 15-20 हजार रुपया देने पर छात्रों को प्रवेश मिलता है। मैं एक सीधा सवाल मंत्री महोदय से करना चाहता हूं कि क्या शिक्षा का और पर्स का, पैसे का, वह सीधा रिश्ता क़ायम करना चाहते हैं ? जो जाति व्यवस्था और वर्ग व्यवस्था है उस को हम खत्म करना चाहते हैं। सामाजिक उत्थान का कार्य भी उच्च शिक्षा करती है। आज जो हरिजन हैं, आदिवासी हैं, पिछड़े वर्ग के लोग हैं उन को ऐसा लगता है कि विश्वविद्यालयों में कालिजों में उन को प्रवेश मिलेगा तो समाज में उन की उन्नति होगी और उन का स्थान ऊंचा होगा।

DR. V. K. R. V. RAO : All that will be taken care of.

**श्री मधु लिमये** : विश्वविद्यालयों में छात्रों को प्रवेश देने पर रोक लगाने से काम नहीं चलेगा इसलिए मैं शिक्षा के संध्याकालीन, प्रातः कालीन, कालेज़ करसपार्डेंस कालेज़ और पीपुल युनिवरसिटी के यह जो सभी सुझाव हैं उन का मैं समर्थन करता हूं। इन तरीक़ों का इस्तेमाल करके हम को शिक्षा के क्षेत्र को अधिक विस्तृत बना देना चाहिए।

मंत्री महोदय से मेरी बातें हुई प्राथमिक शिक्षा के बारे में। हमारे संविधान में लिखा हुआ है कि प्राथमिक शिक्षा मुफ्त और अनिवार्य होगी लेकिन आज कलकत्ते जैसे शहर में 45 प्रतिशतः छात्रों की, यानी 5 साल से लेकर 14 साल के बच्चों की पढ़ाई का कोई इंतज़ाम नहीं है। अब क्या मंत्री महोदय मुझ को यह कहेंगे कि पैसा नहीं है इसलिए प्राथमिक शिक्षा के बारे में भी रोक लगायेंगे ? मैं आप से कहूंगा कि आप अपनी तनख्वाह आधी, आधी कम कर दीजिये। बड़े-बड़े नौकरशाह हैं उन की तनख्वाह कम कर दीजिये लेकिन प्राथमिक शिक्षा के बारे में पैसे की दलील लेकर आप नहीं आइयेगा। यह मैं आप को साफ़ कह देना चाहता हूं।

इस विधेयक के बारे में मुझे खुशी है कि मन्त्री महोदय ने साधारण तौर पर उसका स्वागत किया है। इसके ऊपर व्यापक पैमाने पर बहस चले। इसके बारे में भी सुझाव दिए हैं। उन्होंने जो संशोधन पेश किया है उस को मैं स्वीकार करता हूँ क्योंकि मुझे कोई जल्दबाज़ी नहीं है। मैं भी चाहता हूँ कि समूचे देश में

विश्वविद्यालयों में छात्रों के बीच और शिक्षकों के बीच उसकी चर्चा हो लेकिन कुछ लोगों ने यहां पर जो विचार व्यक्त किया कि यह विश्वविद्यालयों को सौंप दिया जाय उस से मैं बिल्कुल सहमत नहीं हूँ क्योंकि शिक्षा के क्षेत्र में ऐसे-ऐसे कुलपतियों तथा उपकुलपतियों मौजूदा ढांचे को आप ने लादा है जिन का कि दिमाग़ सड़ा हुआ है, विचार पद्धति दकियानूसी है और उनके जरिए बहुत सुधार आने वाला नहीं है। अगर आप में एक स्वेच्छा से परिवर्तन नहीं करेंगे, शान्तिपूर्ण और क़ानूनी ढंग से उस में परिवर्तन नहीं करेंगे तो एक समय वह भी आप को देखना पड़ेगा कि इन सभी उपकुलपतियो को, मन्त्रियों को और इस्टेब्लिशमैंट के जितने आधार स्तम्भ हैं उन को धक्का मार कर यह छात्र निकाल देंगे।

DR. V. K. R. V. RAO : I hope, Parliament will remain.

**श्री मधु लिमये** : मैं नहीं चाहता हूं कि यह हो और पर्लियामेंट भी खतम हो, इसीलिये मैं इस तरह का विधेयक आपके सामने रख रहा हूँ। मैं चाहता हूं कि कानूनी ढंग से और शान्तिपूर्ण ढंग से बुनियादी परिवर्तन आए। यदि आप ऐसा नहीं करेंगे तो वही होगा।

मन्त्री महोदय ने कहा कि क्लाज 6 के बारे में उन की कुछ रिजर्वेशन है। उन्होंने कहा कि कोर्ट पर हम क्यों न छोड़ दें ? क्या मंत्री महोदय को इस बात का पता नहीं है कि विश्वविद्यालय के सम्बन्ध में जितने कानून हैं, केन्द्रीय हो या राज्यीय, हर एक में विभिन्न वर्गों को कैसे प्रतिनिधित्व मिलना चाहिये, इसकी चर्चा है। जब दूसरे वर्गों को प्रतिनिधित्व मिलता है, जैसे बम्बई विश्वविद्यालय में ट्रेड यूनियनों की ओर से, प्रतिनिधि आते हैं, और इसके बारे में कानून में व्यवस्था है, तो क्या वजह है कि छात्रों के सम्बन्ध में ऐसा न किया जाये ?

DR. V. K. R. V. RAO : I have not said no.

**श्री मधु लिमये** : मैं हिस्सेदारी के सम्बन्ध में एक बात और कहना चाहता हूं। असल में चार बड़े-बड़े विभाग हैं जिनके बारे में विभिन्न राज्यों में छात्रों का हिस्सा देना चाहिये। इसमें कोई दो रायें नहीं हैं कि छात्रों के कल्याण के जितने मामले है, जैसे स्वास्थ्य है, खाने पीने का इन्तजाम है, निवास है, खेल कूद है, वाचनालय है, सांस्कृतिक और रचनात्मक कार्यक्रम हैं, उन के बारे में पूरा हिस्सा मिलना चाहिये। इस के बारे में तो दो रायें नहीं होंगी ?

दूसरी बात पाठ्यक्रम, पाठ्य पुस्तकें, पढ़ाने का तरीका और परीक्षा पद्धति के बारे में है। परीक्षा पद्धति को लेकर तो हमारे छात्र बिल्कुल चौपट हो रहे हैं क्योंकि परीक्षा पद्धति से छात्रों की योग्यता के एक ही पहलू या एक ही गुण की आप जांच करते हैं। बाकी छात्रों के जो पहलू हैं, जो गुण हैं, जो उनकी योग्यता है, उस को जांचने का कोई तरीका आप केपास नहीं है। इन सारी चीजों के बारे में तो छात्रों से परामर्श आप को करना चाहिये। आप नहीं कह सकते कि आप उन से बिल्कुल नहीं पूछेंगे कि उनकी दिक्कतें क्या हैं।

तीसरा क्षेत्र है शिक्षकों की नियुक्तियां और उनकी बढ़ोतरी। इसके बारे में, मैं मानता हूं, आप उनकी राय जान लीजिये, लेकिन अंतिम निर्णय छात्रों पर छोड़ दिया जाये, यह मैं भी नहीं मानता हूं।

जो चौथा सवाल हमारे देश में है, जो कि इंग्लैंड और अमरीका में नहीं है, वह है माध्यम का सवाल, रोजगार का सवाल और आर्थिक विकास का सवाल। माध्यम के सवाल को लेकर सारे छात्रों के जीवन को हम चौपट कर देते हैं। मैं एक अपना निजी उदाहरण देना चाहता हूँ।

DR. V. K. R. V. RAO : I hope the hon. Member is aware of my views.

**श्री मधु लिमये** : आप की व्यूज से मुझे मतलब नहीं है। वे तो ठीक है। मगर एस्टेवलिशमैंट के क्या व्यूज हैं ? सरकार की बात भी मैं नहीं करता। इस समय जो हमारे यहां एस्टेब्लिशमैंट हैं। उन की नीति क्या है ? मैं एक निजी उदाहरण देना चाहता हूं। मैं अपने बच्चे को मराठी माध्यम के स्कूल में भेजता था। लेकिन यह बीमारी उस के स्कूल में भी आ गई। एक दिन हैड मास्टर ने उस से कहा कि हमारे यहां एक क्लास अंग्रेजी माध्यम का खुल रहा है। जो होशियार लड़के हैं उन को उस क्लास में जाना चाहिये। लेकिन मेहरबानी यह रही कि मेरा बच्चा पहले से ही डा० लोहिया के प्रभाव में रहा है। उसने उनके साथ बहस शुरू कर दी और कहा कि मैं अंग्रेजी माध्यम वाले क्लास में नहीं आऊंगा। लेकिन उसकी एक सहेली थी जो उससे भी होशियार थी और हमेशा उसका नम्बर पहला आता था। उस का नाम भी लेना चाहता हूं। रंजना गडकरी नाम की लड़की थी। उस के मां बाप ने उसको अंग्रेजी क्लास में डाल दिया। अध्यक्ष महोदय, जानने हैं नतीजा क्या हुआ ? एक साल के अन्दर उस लड़की की जो तेजस्विता थी, बुद्धिमानी थी, वह सारी चौपट हो गई और मुश्किल से उस का पंधरवा-बीसवां नम्बर आने लगा और फिर मराठी वर्ग में उसको भेज देना पड़ा। इस तरह से हमारे देश में हजारों बच्चों के जीवन के साथ आप अपने स्वार्थ के लिए खेल रहे हैं। इसलिये मैं कहता हूं कि आप के कुछ संशोधक हैं—इसमें स्कूल आफ इंटरनेशनल स्टूडीज का मामला भी आया और मैंने एक हद तक आपकी ताईद की—जो उन का इस तरह का रैकेट चल रहा है संशोधन के नाम पर, अगर आप चाहते हैं कि उस में सुधार हो, तो जब तक आप लफ्फाज़ी अथवा शब्द-जंजाल को छोड़ कर आशय की खोज नहीं करेंगे तब तक कुछ होने वाला नहीं है। आज क्या वजह है कि अर्थ-शास्त्र, समाज-शास्त्र, इतिहास आदि क्षेत्रों में किसी भी हिन्दुस्तानी पंडित का नाम बाहर दुनिया में नहीं लिखा जाता है ? हमारे पंडितों और शास्त्रियों का नाम लिया जाता है ऐसे विषयों में जिन से भाषा का कोई सरोकार नहीं रहता, जैसे गणित के क्षेत्र में रमन जैसे लोग हैं, वैज्ञानिक लोग हैं। इनका भाषा के प्रभुत्व से कोई सम्बन्ध नहीं रहता है। वे तो प्रतीक सिम्बल्स और आंकड़ों से डील करते हैं। इन्हीं क्षेत्रों हैं हिन्दुस्तानियों का कुछ नाम होता है, लेकिन आप एक अर्थ-शास्त्री का नाम बतलायें जिसकी पुस्तकें इंग्लैंड और अमरीका विश्वविद्यालय में पढ़ी जाती हैं। एक भी अर्थ-शास्त्री का नाम आप नहीं दे सकेंगे। आप स्वयं प्रोफेसर हैं। आप भली भांति जानते हैं कि हिन्दुस्तान में जितना संशोधन का कार्य हो रहा है, शिक्षा का कार्य हो रहा है उस में महज़ लफ्फाज़ी पर ज्यादा जोर है, आशय पर, कंटेंट पर बिल्कुल जो नहीं है।

एक अत्यन्त ही रूढ़िवादी देश का उदाहरण दे कर मैं खत्म करता हूं। मैंने कहा कि पाठ्यक्रम, पाठ्य पुस्तकें, परीक्षा पद्धति इत्यादि के बारे में इंग्लैंड जैसे रूढ़िवादी देश में एक कमेटी बनी थी वाइस चांसलर्ज़ की, उपकुलपतियों की और नैशनल यूनियन आफ स्टुडेंट्स की। उन्होंने क्या कहा है वह मैं आप को पढ़ कर सुनाना चाहता हूं। मैं केवल तीन वाक्य आपकी सेवा में पेश करना चाहता हूं। इंग्लैंड में क्या हो रहा है, वह भी अनुकरणीय है। इंग्लैंड तो अत्यन्त रूढ़िवादी देश है लेकिन वहां भी परिवर्तन हो रहा है। हमारा देश तो ऐसा है कि बुनियादी परिवर्तनों के बिना हम आगे बढ़ ही नहीं सकते हैं। मैं चाहता हूं कि आप इन तीन वाक्यों को याद रखें। ये पाठ्यक्रम वगैरह के बारे में कहते हैं :

We would regard it as essential that students' views should be properly taken into account.

यह इंग्लैंड के उपकुलपति कहते हैं।

नियुक्तियों और बढ़ोतरी यानी एप्वाइंटमेंट्स एंड प्रोमोशंज के बारे में यह कमेटी कहती है :

Regarding appointments/promotions, the students should however have opportunity to discuss the general principles involved in such decisions to have their views properly considered.

विश्वविद्यालय के संगठन और ढांचे के बारे में यह लोग लिखते हैं :

But there should be opportunities for students to join discussions about the content and structure of courses, teaching methods in general and the effectiveness of the particular teaching which they are receiving.

ऐसे रूढ़िवादी देश में इस तरह का दिमाग अब बन रहा। जिस देश में महात्मा गांधी, रवीन्द्र नाथ टैगोर और नेताजी सुभाष चन्द्र बोस पैदा हुए उस देश में हमारे दिमाग और भी क्रान्तिकारी बनने चाहियें। अगर आप इस तरह के बुनियादी परिवर्तन लाने की प्रक्रिया जारी करेगें तो हम आपका साथ दे सकते हैं।

इनका जो संशोधन है, उसको में मान रहा हूं मैं चाहता हूं कि उस संशोधन के साथ यह प्रस्ताव पास हो। लेकिन साथ-साथ यूनिवर्स्टी ग्रांट्स कमिशन वाला जो कानून है वह भी जानकारी के इसी कानून के साथ जोड़ कर सभी विश्वविद्यालयों के पास पहुँचाया जाए ताकि केवल केन्द्रीय विश्वविद्यालयों की राय ही नहीं बल्कि राज्यों में भी जो विश्वविद्यालय हैं, उनकी राय भी हम लोग अच्छी तरह समझ सकें।

MR. CHAIRMAN : I will put the amendment of Dr. Rao to the vote of the House.

The question is :

That in the motion moved on the 21st March, 1969 by Shri Madhu Limaye, for circulation of the Central Universities (Students' Participation) Bill, 1969 for the purpose of eliciting opinion thereon by the 1st October, 1969,—

*for "1st October, 1969" substitute "2nd March, 1970"* (*1*)

*The motion was adopted*

MR. CHAIRMAN : I will now put Shri Madhu Limaye's motion to the vote of the House, as now amended.

The question is :

"That the Bill to constitute Students' Unions and to provide for their representation in Central Universities bodies, be circulated for the purpose of eliciting opinion thereon by the 2nd March, 1970"

*The motion was adopted.*

---

**19.14 hrs.**

## ENLARGEMENT OF THE APPELLATE (CRIMINAL) JURISDICTION OF THE SUPREME COURT BILL.

SHRI A.N. MULLA (Lucknow) : Sir, I move :

"That the Bill to enlarge the appellate jurisdiction of the Supreme Court in regard to criminal matters, be taken into consideration."

I rise to place this Bill for the consideration of hon. Members of this House.

MR. CHAIRMAN : The hon. Member may continue on the next non-official day.

SHRI A.N. MULLA : Sir, I hope this Bill will receive support from all sides of the House. For, it seeks to safeguard the basic human rights of a person when he is prosecuted. It wants to ensure a fair trial for persons who have the misfortune of being accused of some offence.

At the moment...

MR. CHAIRMAN : Consideration motion is now moved. The Hon. Member may resume his speech on the next non-official day.

The House stands adjourned to meet again at 11 A.M. on Monday.

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Monday, April 7, 1969, Chaitra 17, 1891 (Saka).*